दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



बॉलीवुड सितारों ने .....



सावन के दौरान महिलाएं पहन सकती हैं हरे रंग के परिधान...

वर्ष : 12 | अंक : 237 | लखनऊ, 21 अगस्त, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

आरएसएस पर राहुल गांधी का हमला

# एक समूह कैसे जान सकता है 1.5 अरब लोगों की सच्चाई, यह गलत

नई दिल्ली,

दिल्ली में 'हरा भरा स्वराजः राजीव गांधी के विजन को श्रद्धांजलि' कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने



आरएसएस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि क्या कोई समूह यह तय कर सकता है कि देश के हर व्यक्ति की सच्चाई वही जानता है। राहुल गांधी ने कहा कि केवल 1.5 अरब लोग ही अपनी सच्चाई जान सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह यह मान लें कि वह किसी दूसरे व्यक्ति की सच्चाई जानते हैं तो यह गलत होगा, क्योंकि उन्होंने उस व्यक्ति के अनुभवों और परिस्थितियों को नहीं देखा है।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में हर व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि वह भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि धर्म, समुदाय, उम्र या महिला-पुरुष के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए

हर कारोबार का मालिक एक ही व्यक्ति तो स्वराज संभव नहीं

राजनीतिक व्यवस्था की पहुंच गांवों और पंचायतों तक हो

## सोनिया की किताब पर भावुक हुए राहुल

**बोले- आपको और पापा को 35 साल पहले साथ देखा था**

सोनिया गांधी की आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' नवंबर में प्रकाशित होने जा रही है। इस मौके पर राहुल गांधी ने सोशल



मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी मां के लिए लिखे संदेश में कहा कि मां, मैंने आपको और पापा को आखिरी बार 35 साल से भी अधिक समय पहले साथ देखा था। जिस दिन से पापा हमें छोड़कर गए, उस दिन से मैंने आपको जिंदगी की ओर से सामने आई हर चुनौती का सामना अटूट साहस और गरिमा के साथ करते देखा है। सिर्फ प्रियंका और मैं ही वास्तव में जानते हैं कि आप किन परिस्थितियों से गुजरी हैं और पापा के बाद आपकी जिंदगी कितनी कठिन रही।

## 10 नवंबर को प्रकाशित होगी

अमेरिकी प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस की इम्प्रिंट अल्फ्रेड ए. नॉफ ने घोषणा की कि 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' 10 नवंबर को बाजार में आएगी। हालांकि, पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने भारत में किताब के प्रकाशन की तारीख की अभी पुष्टि नहीं की है। आत्मकथा में सोनिया गांधी के इटली के बचपन, राजीव गांधी से प्रेम और विवाह, गांधी परिवार में प्रवेश, इंदिरा और संजय गांधी की मौत, राजनीति में आने के कारणों और 2004 में प्रधानमंत्री पद ठुकराने जैसे महत्वपूर्ण प्रसंग शामिल हैं।

## पूर्व पीएम राजीव गांधी को पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व पीएम राजीव गांधी को पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत के पूर्व पीएम राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। पूर्व पीएम की जयंती के मौके पर वीर भूमि पहुंच सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी ने लिखा कि भारतीयों के बीच सद्भावना, हर दिल में करुणा और, हर नागरिक को न्याय और लोकतंत्र में समान अधिकार.. पापा, आपकी ये सीख मेरी शक्ति है और आपकी यादें मेरी हिम्मत।

## स्वतंत्र रूप से रखें अपनी बात

राहुल ने कहा कि अगर देश के हर कारोबार का मालिक एक ही व्यक्ति हो तो बड़ी आबादी के लिए स्वराज संभव नहीं है। अगर एक व्यक्ति इस देश के हर एक कारोबार का मालिक है तो भारतीय लोगों की बड़ी आबादी के लिए स्वराज की कोई संभावना नहीं है। देश में कुछ लोगों के पास एयरपोर्ट, बंदरगाह और कंपनियां होनी चाहिए, जबकि दूसरे लोग ऐसे नौकरशाह होने चाहिए जो अपनी बात स्वतंत्र रूप से रख सकें और किसी कारोबारी के प्रभाव में आकर काम न करें।

## महंगी शिक्षा पर उठाए सवाल

राहुल गांधी ने कहा कि गांधीजी का विजन कुछ बुनियादी व्यवस्थाओं के बिना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने महंगी शिक्षा व्यवस्था और असमान परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह विजन ऐसी वित्तीय व्यवस्था के साथ भी संभव नहीं है, जिस पर दो-तीन लोगों का एकाधिकार हो। राहुल गांधी ने राजनीतिक व्यवस्था की पहुंच गांवों और पंचायतों तक होने की जरूरत बताई।

## हर व्यक्ति भारत का हिस्सा

*राहुल गांधी ने कहा कि देश में हर व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि वह भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि धर्म, समुदाय, उम्र या महिला-पुरुष के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। उनके मुताबिक हर एक व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी धर्म, समुदाय, उम्र या लिंग का हो, यह महसूस होना चाहिए कि मैं यहां का हूं।*

**खबर संक्षेप**

### बीसीआई चेयरमैन के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर



वकीलों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। ऑल इंडिया यंग एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से किए जा रहे इस प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी का भी समर्थन मिला है। प्रदर्शन के दौरान मनन मिश्रा पर वकीलों और कानून के छात्रों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के प्रमुख मुद्दों में वकीलों का कल्याण, अधिवक्ता अधिनियम, स्टाइपेंड, चैंबर और वकीलों की सुरक्षा शामिल है।

### राम मंदिर निर्माण में नृपेंद्र मिश्रा के ही फैसलेः राय

**अयोध्या।** राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने 9 पन्नों का एक बयान जारी



किया है। उन्होंने कहा कि नृपेंद्र मिश्रा ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े कई अहम फैसले लिए और किसी अन्य के फैसले को महत्व नहीं दिया। सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर निर्माण के लिए जो ट्रस्ट बनाया उसमें 15 ट्रस्टी रखे गए। इसके अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा बनाए गए। उन्हीं के सुझावों के आधार पर लार्सन एण्ड टूब्रो को मंदिर निर्माण के लिए चुना गया। भवनों के निर्माण के लिए नोएडा की फर्म डिजाईन एसोसिएट को नृपेन्द्र मिश्रा ने ही चुना।

### कार के कुए में गिरने से 4 लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सिद्दिपेट जिले में बुधवार देर शाम एक कार सड़क किनारे स्थित कुए में गिर



गई। हादसे में कार सवार दंपति और उनके दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा बुधवार देर शाम दुब्बाक मंडल के अप्पनापल्ली के बाहरी इलाके में हुआ। चालक के कार से नियंत्रण खो देने के बाद वाहन करीब 22 फुट गहरे कुए में जा गिरा। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक बलवंतपुर गांव के रहने वाले थे और सिद्दिपेट में एक रिश्तेदार के घर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे।

## वंदे मातरम विवाद पर भाजपा और कांग्रेस में छिड़ी रार

# शाह बोले- तुष्टीकरण की राजनीति कर रही कांग्रेस, पूरा वंदे मातरम न गाना देशविरोधी



गृह मंत्री अमित शाह

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

अमित शाह ने कहा कि देश ने एक बार वंदे मातरम को दो हिस्सों में बांटने की गलती की थी और हमें इसके नतीजे भुगतने पड़े हैं। अब देश को कांग्रेस पार्टी के इस फैसले के खिलाफ एकजुट होना चाहिए और कहना चाहिए कि उसकी तुष्टीकरण की राजनीति अब और नहीं चलेगी

वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस कार्य समिति के प्रस्ताव पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 1937 में मुसलमानों को खुश करने के लिए वंदे मातरम को बांटकर कांग्रेस ने देश के बंटवारे की नींव रखी थी।

आज नरेंद्र मोदी सरकार ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए कांग्रेस की इस गलती को सुधार दिया है और इसे कानूनी आधार भी दिया है। कांग्रेस का यह फैसला उसकी तुष्टीकरण की नीति को साफ दिखाता है। कांग्रेस ने न केवल बंकिम (चंद्र चटर्जी) बाबू की इस रचना का अपमान किया है, बल्कि उन लाखों लोगों का भी अपमान किया है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। आज कांग्रेस पार्टी अपने 1937 के प्रस्ताव को लागू कर रही है।

कांग्रेस ने लाखों लोगों का अपमान किया | भाजपा इस फैसले की निंदा करती है

### संसद के बनाए कानून को खारिज किया

शाह ने कहा कि कांग्रेस संसद की ओर से बनाए गए कानून को खारिज कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे हैरानी हो रही है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ा रही है। देश ने एक बार वंदे मातरम को दो हिस्सों में बांटने की गलती की थी और हमें इसके नतीजे भुगतने पड़े हैं। अब देश को कांग्रेस पार्टी के इस फैसले के खिलाफ एकजुट होना चाहिए और कहना चाहिए कि उसकी तुष्टीकरण की राजनीति अब और नहीं चलेगी। अमित शाह ने कहा कि भाजपा कांग्रेस पार्टी के इस फैसले की निंदा करती है। दरअसल, कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने बुधवार को ऐलान किया कि पार्टी अपने सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के 6 में से सिर्फ शुरुआती दो पैरा गाएगी। यह फैसला 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर हुए विवाद के बाद आया।

### पुराने फैसलों का सम्मान जरूरीः खान

बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति पार्टी के लिए सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित संस्था है।



कांग्रेस नेताओं को रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और राजेंद्र प्रसाद जैसे महान नेताओं के विचारों और फैसलों का पालन करना चाहिए। इन नेताओं ने मिलकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए थे। ऐसे में उनके तय किए गए फैसलों का सम्मान करना और उनका पालन करना जरूरी है।

### कांग्रेस विदेशी सोच से चलतीः वीएचपी

विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने इस मुद्दे पर आरोप लगाया कि कांग्रेस विदेशी सोच से चलती है और तुष्टिकरण के बिना टिक नहीं सकती। वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बाकी चार छंद न गाने का फैसला इसलिए किया है, क्योंकि उनमे ऐसे शब्द हैं, जो भारतीय मूल्यों, प्राचीन संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रीय भावना से गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि



बाकी हिस्से में धर्म, मर्मन, शक्ति, भक्ति, मंदिर, वाणी, ज्ञान और दुर्गा जैसे शब्द हैं। ये भारतीय मूल्यों, संस्कृति, प्राचीन परंपराओं, आस्था, विश्वास और राष्ट्रीय भावना से गहराई से जुड़े हैं। कांग्रेस की राजनीतिक सोच भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान से मेल नहीं खाती है वह 'विदेशी सोच' से प्रेरणा लेती है और भारतीय परंपराओं से जुड़े शब्दों को स्वीकार नहीं कर सकती।



### कांग्रेस नई मुस्लिम लीग बन गईः नबीन

वंदे मातरम विवाद पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय गीत का अपमान किया है। कांग्रेस अब नई मुस्लिम लीग बन गई है।



### यह उनका राजनीतिक मुद्दाः वेणुगोपाल

शाह के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया। पार्टी के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- वंदे मातरम स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा था। यह हमारे लिए भावनात्मक मुद्दा है।



### सरकार मुसलमान विरोधीः अय्यर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेत मणिशंकर अय्यर ने कहा कि मुसलमानों के प्रति नफरत की वजह से 'वंदे मातरम' के पूरे पाठ को अनिवार्य किया गया है। मुझे बहुत खुशी है कांग्रेस ने मजबूती से फैसला किया।



बैठक में गृह मंत्री शाह व अन्य सीएम

31वीं दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

# नदी जल विवाद, सुरक्षा और विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मामल्लापुरम के पास कोवलम के होटल में 31वीं दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें दक्षिणी राज्यों के नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों ने अंतर्राज्यीय विवादों, सुरक्षा और विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा की। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने अमित शाह के आगमन पर उनका व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया।

बैठक में अंतर्राज्यीय सहयोग को मजबूत करना, आंतरिक सुरक्षा, आर्थिक विकास, औद्योगिक निवेश, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा शामिल थे। प्रतिभागियों द्वारा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष त्वरित अदालतों की स्थापना के प्रस्ताव की भी जांच की गई। इस सम्मेलन में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तेलंगाना के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### 1971 की जनगणना के आधार पर हो परिसीमन

बैठक में कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद से एक प्रस्ताव पारित करने की मांग की, जिसमें केंद्र सरकार से 1971 की जनगणना को परिसीमन का आधार बनाए रखने, अगले 25 वर्षों तक लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बरकरार रखने और इन्हीं सीटों के भीतर महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने का आग्रह किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण में दक्षिणी राज्यों की सफलता उनकी राजनीतिक आवाज कम करने का कारण नहीं बननी चाहिए। शिवकुमार ने कहा कि हम इस आश्वासन का स्वागत करते हैं कि किसी भी दक्षिणी राज्य की सीट कम नहीं होगी। लेकिन प्रतिनिधित्व केवल संख्या का विषय नहीं है। यह प्रभाव और आवाज से जुड़ा मुद्दा है। दक्षिणी राज्यों ने देश के आह्वान पर जनसंख्या स्थिरीकरण के लक्ष्य को अनुशासन और सफलता के साथ पूरा किया है और परिसीमन प्रक्रिया में इस उपलब्धि के लिए उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

### मेकेदातु परियोजना से किसानों की मदद होगी

कर्नाटक के सीएम सी. जोसेफ विजय ने मेकेदातु परियोजना को लेकर कहा कि यह केवल उनके राज्य के लिए ही नहीं, बल्कि तमिलनाडु के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे पानी की हर बूंद तमिलनाडु और पुडुचेरी के किसानों की मदद करेगी। हमारी मदद करें ताकि हम आपकी मदद कर सकें।

लिव-इन रिलेशनशिप पर हाईकोर्ट का फैसला

# सहमति से वयस्कों का रिश्ता शादी के समान, कोई नहीं दे सकता दखल

नई दिल्ली,

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि सहमति से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे वयस्कों का रिश्ता शादी के समान है। माता-पिता, रिश्तेदार या दोस्त उनकी पसंद में दखल नहीं दे सकते और न ही उनकी जान या स्वतंत्रता को खतरा पहुंचा सकते हैं।

अदालत ने परिवार की ओर से धमकियों का सामना कर रहे एक लिव-इन कपल को पुलिस सुरक्षा भी प्रदान की। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने 13 अगस्त को दंपती की याचिका पर यह आदेश पारित



दिल्ली हाईकोर्ट कॉम्पलेक्स

किया। याचिकाकर्ता दंपती की उम्र 30 वर्ष से अधिक है। उन्होंने अदालत को बताया कि लड़की के पिता और भाई इस रिश्ते से खुश नहीं थे और वे लगातार दोनों को हिंसा की धमकी दे रहे थे।

बदमाशों ने 14 फायर किए

# कोर्ट से बरी होकर निकले गैंगस्टर विनोद पानू को गोलियों से भूना

नई दिल्ली,

हरियाणा के हिसार कोर्ट में गुरुवार को पेशी पर आए गैंगस्टर विनोद पानू उर्फ काणा को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया गया। उसके दो साथियों को भी गोलियां मारी गईं। बाइक सवार दो बदमाशों ने ये वादात की, जिनमें एक को गैंगस्टर के साथियों ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, विनोद पानू और उसके 12 साथी आज ही पांच साल पहले हुई हत्या के मामले में बरी हुए थे। कोर्ट का फैसला आने के बाद सभी बाहर निकले थे कि तभी हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़



फायरिंग करते हमलावर

फायरिंग कर दी। कुछ 14 राउंड फायर किए गए, जिसमें से 10 पानू को लगना बताए जा है। इस वारदात के दो वीडियो भी सामने आए है। एक वीडियो में हमलावर गोली मारकर भागते हुए और फिर गैंगस्टर के साथी एक को पकड़ते हुए दिखाई दे रहे है।

सीबीएसई की तीन भाषा नीति में सुप्रीम कोर्ट की सलाह

# 'नेटिव' की जगह 'इंडिजिनस' का हो इस्तेमाल, यह एक स्वदेशी शब्द

नई दिल्ली,

केंद्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सीबीएसई की तीन-भाषा नीति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने नीति में इस्तेमाल किए गए 'नेटिव' यानी मूल भाषा शब्द पर सवाल उठाया।

जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने 'नेटिव' शब्द के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह औपनिवेशिक दौर से आया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस सवाल पर भी विचार करना होगा कि भारत में अंग्रेजी को स्वदेशी या गैर-स्वदेशी भाषा माना जा सकता है या नहीं।

### देखना होगा यह संविधान के अनुरूप है या नहीं



जस्टिस बागची ने कहा कि उन्हें 'नेटिव' शब्द के इस्तेमाल को लेकर आपत्ति है और इसकी जगह 'इंडिजिनस' यानी स्वदेशी शब्द का इस्तेमाल होना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तैयार करने वालों को 'नेटिव' शब्द के इस्तेमाल को लेकर सावधान होना चाहिए था। अदालत ने कहा कि इस सवाल को संवैधानिक दृष्टि से देखना होगा। यानी केवल भाषा के वर्गीकरण की बात नहीं है, बल्कि यह भी जांचना होगा कि इस तरह का वर्गीकरण संविधान के अनुरूप है या नहीं।

### अवैध लिंग जांच में पुलिस नहीं दर्ज कर सकती एफआईआर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम (पीसीपीएनडीटी) कानून के तहत दर्ज अपराधों की जांच पुलिस नहीं कर सकती। ऐसे मामलों में कार्रवाई कानून के तहत नामित अधिकारियों को ही करनी होगी। इस कानून से जुड़े मामले तकनीकी होते हैं।

# भिंड हादसे के पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे सांसद आनंद भदौरिया

## बोले- संकट की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है सपा

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। मध्य प्रदेश के भिंड में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पसगवां कोतवाली क्षेत्र के किशनपुर अजीत निवासी गुड्डू के परिवार से गुरुवार को लखीमपुर-धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उनके साथ सांसद आरके चौधरी और मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। सांसद आनंद भदौरिया ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ित परिवारों तक पहुंचकर पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। उन्होंने मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी और कहा कि दुख की इस घड़ी में समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है। सांसद ने परिवारों को आवास, राशन कार्ड सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

### घायलों के इलाज की जिम्मेदारी भी उठाई

सांसद आनंद भदौरिया ने हादसे में घायल मजदूरों के परिवारों से भी मुलाकात की और दस-दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने अस्पताल संचालक से फोन पर बात कर घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने स्पष्ट कहा कि घायलों के इलाज में जितना भी खर्च आएगा, वह अपनी ओर से वहन करेंगे। सांसद ने कहा कि पीड़ित परिवारों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने संबंधित लोगों से लगातार संपर्क में रहने और जरूरत के मुताबिक हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही।

### ग्वालियर से लौटते समय हुआ था हादसा

परिजनों ने सांसद को बताया कि गुड्डू धान की रोपाई के लिए अन्य मजदूरों के साथ ग्वालियर गए थे। काम पूरा करने के बाद पिकअप से घर लौटते समय भिंड-गोहद हाईवे पर छीमका गांव के पास मवेशियों को बचाने के प्रयास में पिकअप सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि गुड्डू की मौके पर ही मौत हो गई। सांसद आनंद भदौरिया ने मृतक की पत्नी माया देवी और परिवार के अन्य सदस्यों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार अकेला नहीं है और समाजवादी पार्टी हर स्तर पर उनके साथ खड़ी रहेगी।

### ग्रामीणों ने रोजगार और मुआवजे का उठाया मुद्दा

इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद के सामने घायल मजदूरों की स्थिति और हादसे के कारण फंसी 16 दिन की मजदूरी का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार के अवसर नहीं होने के कारण मजदूरों को रोजी-रोटी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रदेश की भाजपा सरकार से मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये और घायलों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की। सांसद आनंद भदौरिया ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद के लिए वह आगे भी प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी मदद का इंतजार किए बिना समाजवादी पार्टी ने अपनी ओर से सहायता का हाथ बढ़ाया है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजगीर मिस्त्री की पीट पीट कर हत्या

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में दो लोगों ने एक राजगीर मिस्त्री की पीट पीट कर हत्या कर दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल परिजनों की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। मूलरूप से बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र स्थित टेमा गांव निवासी आशीष द्विवेदी (34) अपने छोटे भाई मनीष और चाचा प्रमोद व विनोद के साथ अमौसी गांव में मनोज सिंह के मकान में करीब तीन वर्षों से किराये पर रह रहा था। आशीष राजगीर मिस्त्री का काम करता था। बुधवार को वह काम पर गया था, जबकि उसके चाचा भी अपने-अपने काम पर चले गए थे। जबकि मनीष कुछ दिन पहले अपने गांव गया और वहीं था। बीती रात घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार सुबह वह अपने भाई के पास अमौसी पहुंचा। आशीष के भाई मनीष के मुताबिक बुधवार शाम करीब 4:30 बजे घर से करीब 400 मीटर दूर साई सुरक्षा नगर स्थित मंदिर के पास आशीष का साथी राजगीर मिस्त्री अमौसी निवासी फूलचंद श्रीवास्तव और प्लंबर कल्लू उर्फ श्यामलाल रावत से विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों ने छेनी-हथौड़ी बेचने का आरोप लगाते हुए आशीष की लात-घूसों और लकड़ी के फंटे से जमकर पिटाई कर दी। इस मारपीट में आशीष गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया और वही पड़ा रहा। वहीं घटना के बाद कल्लू आशीष के घर पहुंचा और उसके चाचा से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि आशीष ने उसका सामान बेच दिया है, इसलिए वह उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहा है। इसी बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। तब मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आशीष को सरोजनीनगर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रात में छुट्टी दे दी गई। तब उसके चाचा उसे घर ले आए। गुरुवार सुबह आशीष की हालत बिगड़ गई और करीब नौ बजे उसने घर में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद भाई मनीष ने डायल 112 पर सूचना दी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आशीष को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मनीष की तहरीर पर मारपीट व गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नशेड़ी युवक ने अपने भाइयों पर रॉड से किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में एक युवक द्वारा अपने ही भाइयों पर रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। इस मामले में सरोजनीनगर के गौरी स्थित देवलोक कॉलोनी निवासी मनोज विश्वकर्मा ने नीरज विश्वकर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित मनोज विश्वकर्मा के मुताबिक उसका भाई नीरज विश्वकर्मा आए दिन शराब पीकर घर में विवाद और गाली-गलौज करता है। आरोप है कि नीरज पहले मां के साथ भी मारपीट कर चुका है। पीड़ित का कहना है कि बुधवार को नीरज ने अचानक उस पर और उसके बड़े भाई उमाशंकर विश्वकर्मा पर रॉड से हमला कर दिया। उसके इस हमले में दोनों के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बाल-बाल बच गए। दोनों का सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। घटना के बाद आरोपी दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। फिलहाल पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## चोरों ने घर के बाहर बंधी 18 बकरियां किया चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात चोरों ने एक महिला के घर के बाहर बंधी 18 बकरियां चोरी कर लीं। इस मामले में महिला ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के सराय सहजादी स्थित रानीपुर (कटी बगिया) निवासी पीड़िता गुड्डी पत्नी स्वर्गीय मेघनाद के मुताबिक मंगलवार रात अज्ञात चोर उसके घर के पास बंधे 10 बकरा और आठ बकरियां चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर उसने आसपास के इलाके और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन चोरी हुए बकरों व बकरियों का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़िता ने बन्थरा थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। फिलहाल पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# ट्रांसपोर्टरों ने अपनी मांगों को लेकर वाहनों का चक्का जाम कर किया हड़ताल

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के अमौसी स्थित इंडियन ऑयल एलपीजी गैस बॉटलिंग प्लांट के ट्रांसपोर्टरों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार सुबह छह बजे वाहनों का चक्का जाम कर हड़ताल शुरू कर दी। ट्रांसपोर्टरों के हड़ताल पर जाने से लखनऊ शहर की 62 इंडियन ऑयल गैस एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई। दिनभर सिलेंडरों की उठान नहीं होने से गैस एजेंसियों के संचालन पर भी असर पड़ा। अपनी ट्रकों का चक्का जाम कर हड़ताल कर रहे ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि करीब तीन वर्ष पहले हुए टेंडर के दौरान इंडियन ऑयल कंपनी की ओर से प्रत्येक ट्रक को प्रतिमाह करीब 2.45 लाख रुपये का काम देने की बात कही गई थी। लेकिन वर्तमान में मुश्किल से एक से सवा लाख रुपये का ही काम मिल पा रहा है। उनका कहना है कि इतनी कम आय में वाहन का खर्च, चालक का वेतन, डीजल और अन्य खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। कई ट्रांसपोर्टर वाहनों की किस्त तक नहीं जमा कर पा रहे हैं। ट्रांसपोर्टरों के मुताबिक पहले अमौसी प्लांट से लखनऊ के साथ ही आसपास के कई जिलों की गैस एजेंसियों के लिए भी सिलेंडर भेजे जाते थे। इससे वाहनों को पर्याप्त काम मिल जाता था। आरोप है कि अब प्लांट से दूसरे जिलों के लोड बंद कर दिए गए हैं और अधिकांश वाहनों को केवल लखनऊ शहर की एजेंसियों के लिए ही भेजा जा रहा है। इससे काम की मात्रा काफी कम हो गई है।

उन्होंने बताया कि पहले जहां वाहनों को नियमित रूप से लोड मिलता था, वहीं अब तीन से चार दिन बाद एक लोड मिल पा रहा है। इतना ही नहीं, कई बार एजेंसी पर सिलेंडर लेकर पहुंचने के बाद वाहन को दो-दो दिन तक खाली नहीं किया जाता। इस दौरान वाहन वहीं खड़ा रहता है और ट्रांसपोर्टरों को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि अमौसी प्लांट में करीब 132 वाहन लगे हुए हैं, जिनके माध्यम से विभिन्न गैस एजेंसियों तक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती है। उधर सुबह से चक्का जाम के बाद दोपहर में ट्रांसपोर्टरों और इंडियन ऑयल एलपीजी प्लांट के मैनेजर जेपी सिंह के बीच काफी देर तक वार्ता हुई। प्लांट मैनेजर ने ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करने का आश्वासन देते हुए सिलेंडरों की उठान शुरू करने की अपील की। लेकिन ट्रांसपोर्टर अपनी मांगों पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि जब तक टेंडर के दौरान किए गए वादे के अनुसार पर्याप्त काम उपलब्ध कराने का लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक वे वाहनों से सिलेंडरों की उठान नहीं चालू करेंगे। फिलहाल काफी देर तक चली वार्ता के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका। इसके चलते शाम तक ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल जारी रही। हड़ताल के कारण लखनऊ की 62 इंडियन ऑयल गैस एजेंसियों पर सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित रही।

# अवैध तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने गुरुवार को अवैध तमंचा लेकर घूम रहे एक युवक को धर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ गुरुवार को बिजनौर बाजार के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गोलू होटल के सामने से नक्श सिटी जाने वाले रास्ते पर एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने खुद को बिजनौर कस्बा स्थित घसियारी मोहल्ला निवासी हुमेद उर्फ हुमैर (26) पुत्र स्वर्गीय सगीर बताया। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसे जंगल में तमंचा पड़ा मिला




था, जिसे वह उठा लाया और अपने पास रखने लगा। उसने बताया कि कभी-कभी लोगों को डराने-धमकाने के लिए साथ लेकर घूमता था। फिलहाल पुलिस ने बरामद तमंचा कारतूस जप्त करने के साथ उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को उसे जेल भेज दिया है।

# पारिवारिक विवाद में युवक ने भाभी की बेटी और दामाद पर चाकू से किया हमला, घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम पारिवारिक विवाद के दौरान एक युवक ने अपनी भाभी की बेटी और दामाद पर कृपाण (चाकू) से हमला कर दिया। जिससे बेटी दामाद दोनों घायल हो गये। आनन फानन उन्हें सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज जारी है। सरोजनीनगर के अमौसी स्थित शिवकला लान के पास रहने वाली महिला गुरमीत कौर पत्नी गुरदीप सिंह के मुताबिक बुधवार को शाम करीब चार बजे उसका देवर अमरजीत सिंह घर आया और उसकी बेटी व दामाद से विवाद करने लगा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अमरजीत सिंह ने जान से मारने की नीयत से कृपाण (चाकू) से उसके दामाद पर हमला कर दिया। बेटी बीच बचाव करने दौड़ी तो आरोपी ने उसकी में कृपाण घोंप दिया। इस घटना में बेटी की पीठ और दामाद के पेट में कृपाण लगने से दोनों लहूलुहान होकर घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। बाद में घायल बेटी दामाद को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों को लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। लोक बंधु में उनका इलाज जारी है। उधर पीड़ित महिला के तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 'घर की मुर्गी' ने बताया संतोष में ही है सुख

- राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** एक पुरानी कहावत को चरितार्थ करने वाला राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में आज शाम बिम्ब सांस्कृतिक समिति द्वारा मंचित नाटक दर्शकों को हंसाते हुए सकारात्मक संदेश दे गया। रामकिशोर नाग का लिखा और सरिता कपूर के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक 'घर की मुर्गी' बता गया कि अगर नजरिया सही हो तो जो प्राप्त है और आपकी पहुंच में है उसे नकारना या उसकी अवज्ञा अनुचित है।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और प्रदेश के संस्कृति विभाग के सहयोग से हुए संतोष में ही सुख ढूंढने को प्रेरित करने वाले इस नाटक की कहानी में व्यवसायी रामजी की पत्नी सरिता भारतीय परिवेश और संस्कारों के हिसाब से चलने वाली कुशल शिक्षित गृहणी हैं पर रामजी को पश्चिमी संस्कृति भाती है। लिहाजा वे सरिता पर जब तब व्यंग्य बाण छोड़ा करते हैं। सरिता के कॉलेज के साथी पति-पत्नी किटी और प्रकाश को जब सारी जानकारी होती है तो वे तीनों रामजी को सबक सिखाने की योजना बनाते हैं। रामजी को अपने आफिस में एक सेक्रेटरी की जरूरत होती है। आधुनिक वेश-भूषा में इंटरव्यू के लिये आई मोना को देखकर उनके मन में लड्डू फूटने लगते हैं। रामजी उसे खुशी खुशी नौकरी पर रख लेते हैं। घर में सरिता का बनाया जैसा खाना रामजी को बदस्वाद लगता है, वैसा ही खाना मोना के हाथ से उन्हें चटखारे भरा लगने लगता है। मोना जब जब उनसे पत्नी के बारे में पूछती है तो वह अपने को माडर्न विचारों वाला और अपनी पत्नी को पिछड़ी गंवार बताकर मोना की सहानुभूति पाने और उसपर प्रभाव जमाना चाहते हैं। एक दिन सरिता रामजी से कहती है वो नई सेक्रेटरी जिसकी वो हर चीज की प्रशंसा करते हैं उसको देखने ऑफिस आ रही है। रामजी अपनी पोल खुलने के डर से मोना को आफिस से छुट्टी देकर भगा देते हैं।

कुछ दिनों बाद सरिता मायके जाने की इच्छा जताती है। रामजी भीतर ही भीतर खूब खुश होते हैं, पर दिखाने के लिये बड़े अनमनेपन से इजाजत दे देते हैं। इधर सरिता के मायके जाते ही रामजी मोना को घर बुलाते हैं, लेकिन रामजी के होश फाख्ता हो जाते हैं जब पता चलता है कि मोना और कोई नहीं, उनकी पत्नी सरिता ही है। निर्देशक सरिता कपूर का यह नाट्य निर्देशन का पहला प्रयास था। पत्नी की भावनाओं की इज्जत करने और सम्मान देने की सीख देने वाले नाटक में दो कलाकारों से स्वभावतः बिल्कुल विपरीत दूसरे रंग का एक और चरित्र कराने में वह सफल रहीं। मंच पर रामजी के रूप में उज्ज्वल सिंह उतरे तो सरिता व मोना का चरित्र शालू तिवारी ने, प्रकाश व खेलावन की भूमिका आनन्द तिवारी ने निभायी। किटी का किरदार प्रियांशी मौर्या ने जिया। मंच के पीछे के कामों में प्रकाश व्यवस्था तमाल बोस, संगीत व्यवस्था ऋषभ पांडे के हाथों में रही। अन्य पक्षों में रंगमण्डल प्रमुख महर्षि कपूर के साथ ही प्रियांशी, शालू, उज्ज्वल, विकास सिंह और आनन्द तिवारी का सहयोग रहा।

# मार्केटिंग ऑफिस में युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी अखबार

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-11 स्थित रतन गैलेक्सी के मार्केटिंग ऑफिस में युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पंकज तिवारी ने वैभव सिंह पर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पीजीआई पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-डी एलडीए कॉलोनी निवासी पंकज तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अगस्त को वह रतन गैलेक्सी के मार्केटिंग ऑफिस में मौजूद थे। इसी दौरान वृंदावन योजना सेक्टर-10 निवासी वैभव सिंह वहां पहुंचा और उनके साथ मारपीट करने लगा। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पंकज के मुताबिक, मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें आईं और काफी खून बह गया।

# संत रविदास कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को निगोहां क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए यात्रा का विभिन्न मंदिरों और गांवों में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा की शुरूआत पीपलेश्वर हनुमान मंदिर, लालपुर से वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुई इसके बाद यात्रा महावीर हनुमान मंदिर शेरपुर लवल, भवरेश्वर मंदिर सुदौली, अहिंवार धाम राती और वरदानी हनुमान मंदिर निगोहां सहित क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों से होकर गुजरी। श्रद्धालुओं ने संत रविदास के बताए समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वही क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी समाज को एकता और सद्भाव का संदेश देते उन्होंने लोगों से संतों की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, जिला प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, पूर्व जिला प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभय सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक प्रभाकर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष चंदन सिंह, सज्जन सिंह, मंडल मंत्री राम सनेही, संदीप सिंह, संतोष बाजपेयी, बलराम अवस्थी, राजेंद्र मौर्य, उत्कर्ष शर्मा, विकास साहू, अरुण वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे। समापन पर सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

# नाइजीरिया के कृषि मंत्री ने बी-पैक्स का किया निरीक्षण, सहकारिता मॉडल की सराहना

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। भारत और नाइजीरिया के बीच कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा देने की पहल के तहत गुरुवार को नाइजीरिया के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री सीनेटर डॉ.अलीयू साबी अब्दुल्लाही के नेतृत्व में 10 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मोहनलालगंज तहसील के निगोहां स्थित बी-पैक्स रघुनाथ खेड़ा का निरीक्षण किया प्रतिनिधिमंडल ने समिति की कार्यप्रणाली, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, उर्वरक वितरण व्यवस्था और सहकारी प्रणाली का गहन अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने समिति परिसर का भ्रमण कर खाद-बीज वितरण, किसानों को दिए जा रहे ऋण, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सहकारी समितियों के संचालन की विस्तृत जानकारी ली समिति की पारदर्शी व्यवस्था और किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए नाइजीरिया के कृषि मंत्री ने इसे अनुकरणीय मॉडल बताया उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक समृद्धि में सहकारिता की अहम भूमिका है और ऐसी पारदर्शी व्यवस्थाएं कृषि क्षेत्र को और अधिक मजबूत बना सकती निरीक्षण के दौरान दोनों देशों के बीच कृषि तकनीक सहकारिता प्रबंधन, आधुनिक खेती और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई अधिकारियों ने बताया कि इस दौरे से भारत और नाइजीरिया के बीच कृषि एवं सहकारिता के क्षेत्र में तकनीकी अनुभवों के आदान-प्रदान को गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने समिति परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश भी दिया इसके बाद दल ने नगराम क्षेत्र के समेसी गांव में किसान राजेश वर्मा उर्फ मुन्ना भइया के मत्स्य पालन फार्म का निरीक्षण किया मंत्री ने स्वयं मछलियों को दाना खिलाया और सीमित संसाधनों में विकसित इस मॉडल की सराहना करते हुए इसमें विशेष रुचि दिखाई। इस अवसर पर एआर कोऑपरेटिव लखनऊ वैशाली सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनिका, सहायक अधिकारी सर्वेश कुमार, कोऑपरेटिव एडीओ शिवकुमार वर्मा, एडीसीओ विनोद कुमार, समिति सचिव संजय कुमार चौधरी, पूर्व अध्यक्ष नवल किशोर यादव, संतोष कुमार पाल, ओम प्रकाश सहित कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। समेसी में ग्राम प्रधान अशोक कुमार रावत ने विदेशी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

### प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रमुख सदस्य

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कृषि एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री सीनेटर डॉ. अलीयू साबी अब्दुल्लाही ने किया। उनके साथ मोहम्मद इहिजुए अब्दुलमुतालिब, बोलुवाडे एबेनेजर ओलामिडे, इंजी. अमीनू बोडिंगा मोहम्मद, डॉ. एडेट एकॉन्ग, श्रीमती इलुरोमी डेबोला, गालान्ची मलामी मोहम्मद, अदुनमो रुफस संडे, डॉ. जिब्रिल शान्ताली मोहम्मद तथा इंजी. शैलेन्द्र कुमार झा शामिल रहे।

## संक्षेप

### उधारी मांगने पर युवक को जमकर पीटा हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर बकाया रुपये का तगादा करने पर युवक के साथ मारपीट की जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के महमूद पुर गांव निवासी दीपक पुत्र समर बहादुर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह रसूलाबाद तिराहे पर परचून की दुकान चलाता है वहीं पडोस में शाहाबाद गांव निवासी आशुतोष जोकि गुमटी में पान मसाला कोल्ड ड्रिंक की दुकान चलाता है जिस पर दो साल से सात हजार रुपये बकाया है तगादा करने पर आज कल करता रहता है गुरुवार को जब उसने बकाया रुपये का तगादा किया तो गाली-गलौज करने लगा और डंडे से हमला कर दिया जिससे उसका सर फट गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### युवक ने गंगा नदी में लगाई छलांग गोताखोर कर रहे तलाश

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के नाना मऊ घाट पर बुधवार को देर रात एक युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दी जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कराई। पुलिस ने घटनास्थल से मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और चप्पल बरामद की है। पीआरबी की सूचना पर कोतवाली पुलिस नानामऊ घाट पहुंची। मौके पर मिले मोबाइल फोन में उपलब्ध जानकारी और नंबर के आधार पर लापता युवक की पहचान नगर के मोहल्ला सराय निवासी नीलेश जायसवाल (25) पुत्र रामेंद्र जायसवाल के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जानकारी युवक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन भी घाट पर पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस से युवक की तलाश कराने की मांग की। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की सहायता से गंगा नदी में युवक की तलाश शुरू कराई। घाट और आसपास के क्षेत्र में भी पुलिस ने जानकारी जुटाई। गोताखोर नदी में संभावित स्थानों पर काफी देर तक तलाश करते रहे, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने बताया कि तलाश लगातार जारी है। घटना के कारणों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस युवक के मोबाइल फोन और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। युवक ने इस तरह का घातक कदम क्यों उठाया इस संबंध में कोई निश्चित जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस और गोताखोरों की टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# डायरिया के प्रति जागरूकता की अलख जगाएगा केमिस्ट एसोसिएशन

## डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला में लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव, 21 अगस्त। केमिस्ट एसोसिएशन ने डायरिया से शून्य से पांच साल तक के बच्चों को सुरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका निभाने का संकल्प लिया है। इसके लिए एसोसिएशन खासकर डायरिया के प्रति जागरूकता पर जोर देगा और मेडिकल स्टोर पर आने वालों को डायरिया के बारे में जानकारी देने के साथ ही उससे बचाव व रोकथाम के उपायों के बारे में भी बताएगा और उचित उपचार के लिए चिकित्सक के पास जाने की सलाह भी देगा। यह फैसला बृहस्पतिवार को स्थानीय एक होटल में केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मयंक बाजपेयी की उपस्थिति में हुई केमिस्ट एसोसिएशन की अभिमुखीकरण कार्यशाला में लिया गया। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू (KENVUE) के सहयोग से जनपद में चल रहे




डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता ड्रग इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने की।

कार्यशाला में पीएसआई इंडिया के गजेंद्र सिंह ने डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के 13 और बिहार के तीन जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसमें शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि डायरिया नियंत्रण और रोकथाम में केमिस्ट बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इस पर केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मयंक बाजपेई ने कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समुदाय में डायरिया को लेकर आज भी भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिनको दूर करना बहुत जरूरी है। इसमें वह भरपूर सहयोग करेंगे। ड्रग इंस्पेक्टर उन्नाव अशोक कुमार ने केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों की डायरिया पर पीएसआई इंडिया द्वारा कराई जा रही कार्यशाला की सराहना की एवं आश्वासन दिया कि आगे भी वह ऐसे आयोजनों में सहयोग करेंगे क उन्होंने कहा कि डायरिया से अपने साथ ही बच्चों को सुरक्षित बनाने के लिए घर पर ओआरएस और जिंक अवश्य रखें क्योंकि यही इसका सही उपचार है क जरूरत पड़ने पर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक की सलाह अवश्य लें क कार्यशाला में केमिस्ट लिफाफा एवं पोस्टर का वितरण मौजूद दवा व्यापारियों को किया गया कार्यशाला के अन्त में केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मयंक बाजपेई ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ ही पीएसआई इंडिया से अशरफ हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जल भराव की समस्या बनी गंभीर

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। मामूली बारिश से ही अस्पताल परिसर मे पानी जमा होने से प्रतिदिन उपचार के लिए पहुंचने वाले सैकड़ों मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मरीजों को पानी के बीच से होकर स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को हो रही है। जलभराव की समस्या कोई नई नहीं है। इसके बावजूद अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति पैदा होती है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई कदम नही उठाया जा सका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, तो यहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर लंबे समय से चली आ रही समस्या के प्रति जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता उनकी कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि जलभराव के कारण गंदगी और संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में जिस स्थान पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, वहीं उन्हें असुविधा और संक्रमण की आशंका से जूझना पड़ रहा है।

डाक्टरो, मरीजों और तीमारदारो ने जिला प्रशासन से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए जल निकासी की उचित व्यवस्था, नालियों की सफाई और जरूरत के अनुसार पंपिंग की व्यवस्था कराई जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब तक करता है या मरीज इसी तरह जलभराव की समस्या झेलने को मजबूर रहते हैं।

# लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में मिनी ट्रक चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित देवखरी चौकी के निकट चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कंटेनर पार्किंग लेन में खड़े मिनी ट्रक में जा घुसा। तभी कंटेनर की चपेट में आने से मिनी ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस ने कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है। जनपद एटा के थाना नयागांव अंतर्गत नगलगढ़ी निवासी 20 वर्षीय रत्नेश पुत्र महावीर मिनी ट्रक में भैंस लादकर आजमगढ़ से मैनपुरी लेकर जा रहा था। रास्ते में गुरुवार को तड़के करीब 5 बजे कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्थित देवखरी चौकी के निकट चालक रत्नेश ने लघुशंका के लिए मिनी ट्रक पार्किंग लेन में खड़ा कर नीचे उतरने लगा। तभी अचानक पीछे से तेज गति से आ रहा अनियंत्रित कंटेनर मिनी ट्रक के पीछे घुस गया। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कंटेनर की चपेट में आने से मिनी ट्रक चालक रत्नेश गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कंटेनर चालक ब्रजेश कुमार निवासी ग्राम रमिया नगला जिला फरूर्खाबाद को हिरासत में ले लिया और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को रेस्क्यू कर फूड प्लाजा पर खड़ा कराया। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि संभवतः कंटेनर चालक को अचानक झपकी आ जाने से हादसा हुआ है। मृत मिनी ट्रक चालक का शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा जा रहा है और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। परिजनों के आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने नवोदय विद्यालय में परखी व्यवस्थाएं, छात्रों के साथ किया भोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के साथ राजीवपुरम कालीमिट्टी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पठन-पाठन, छात्रावास, प्रयोगशाला, मेस, स्वच्छता और विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने छात्रों के साथ बैठकर भोजन भी किया और उसकी गुणवत्ता परखी।

जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई, समय-सारिणी, नाश्ते और भोजन की जानकारी ली। बच्चों ने अपने बनाए मॉडल भी दिखाए, जिनकी जिलाधिकारी ने सराहना करते हुए



उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मेस निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्य सामग्री, भोजन तैयार करने की प्रक्रिया और साफ-सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने एसडीएम सफीपुर को हर 15 दिन में विद्यालय का निरीक्षण कर पठन-पाठन व भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यकतानुसार ब्लड जांच कराने को भी कहा। बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह को परिसर के आसपास उगी घास की सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सफीपुर फाल्गुनी सिंह, एसडीएम बांगरमऊ बृजमोहन शुक्ला, सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सफीपुर दीपक यादव, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य प्रतिमा पुरी , अभय शर्मा , शिवम सिंह सहित शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

# कलश वंदन यात्रा पहुंची कि पूजा अर्चना



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर पहुंची कलश वंदन यात्रा, विधायक आशुतोष शुक्ला ने रविदास मंदिर में की पूजा-अर्चना संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत निकाली जा रही 'कलश वंदन यात्रा' के नगर पंचायत भगवंतनगर पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भगवंतनगर के पतारी स्थित रविदास मंदिर परिसर में विधायक आशुतोष शुक्ला ने पवित्र कलश का पूजन-अर्चन कर संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि संत रविदास जी महाराज ने समाज से ऊंच-नीच और भेदभाव को समाप्त कर सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया था। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से ही यह कलश वंदन यात्रा निकाली जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी,मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा ,संजय बोटा,सिक्की बोटा, राजेन्द्र कसेरा,अमित रावत, प्रभांशू सहित पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डीएम ने पीएम-केयर्स योजना की लाभार्थी अंजली को सौंपा दस लाख का चेक, अन्य योजनाओं का भी मिला लाभ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोविड-19 महामारी में माता-पिता को खोने वाली जनपद की बालिका अंजली को भारत सरकार की ₹पीएम-केयर्स फॉर चिल्ड्रन₹ योजना के अंतर्गत 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक बुधवार को जिलाधिकारी द्वारा प्रतीकात्मक रूप से प्रदान किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोविड-19 संक्रमण से जिन बच्चों ने 11 मार्च 2020 से 11 दिसम्बर 2021 के बीच अपने माता-पिता अथवा वैध संरक्षक को खोया है, उन्हें इस योजना से लाभान्वित किया गया है। जनपद के ग्राम जानकीगंज, थाना बिहार निवासी अंजली पुत्री स्व. बसन्त लाल को अप्रैल 2022 में ही योजना के तहत 10 लाख रुपये की धनराशि उनके खाते में भेजी जा चुकी है। प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि बालिका को



केवल आर्थिक सहायता ही नहीं बल्कि अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज, आपदा विभाग से 50 हजार रुपये की सहायता, शिक्षा के लिए भारत सरकार से 20 हजार रुपये तथा जुलाई 2021 से जून 2024 तक बाल सेवा योजना के अंतर्गत 2500 रुपये प्रतिमाह की दर से भरण-पोषण की सहायता शामिल है इस अवसर पर बालिका अंजली ने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ₹इस कठिन समय में मिली सहायता मेरे लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा का आधार बनी है। इस मदद से मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। मैं इस सहायता का सदुपयोग कर एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बनूंगी।

# एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुरुवार को एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के अचानक पहुंचने से अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने सबसे पहले चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया। इसके बाद अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक की जानकारी ली और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने इमरजेंसी वार्ड समेत अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने सीएचसी प्रशासन को परिसर में नियमित साफ-सफाई कराने और मरीजों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। एसडीएम



ने सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश कुमार वर्मा को सख्त हिदायत दी कि मरीजों को बाहर की दवाइयां न लिखी जाएं। अस्पताल में उपलब्ध आवश्यक दवाइयां मरीजों को नियमानुसार उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती और उपचार करा रहे मरीजों से भी बातचीत की। उन्होंने मरीजों का हालचाल पूछते हुए दवाइयों, उपचार और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। एसडीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# घर से रास्ता भटका 9 वर्षीय बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव,पुरवा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी पुरवा के पर्यवेक्षण में गुमशुदा एवं अपहतों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा की मिशन शक्ति टीम के प्रयास से घर से रास्ता भटके 9 वर्षीय अर्जुन पुत्र मनोज निवासी हरबंत बरक थाना अचलगंज उन्नाव को उसके माता-पिता से मिलाया गया है। संक्षिप्त विवरण के अनुसार दिनांक 20.08.2026 की रात्रि में कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे के किमी 248 पर हाइवे पर तैनात सुरक्षा गार्ड द्वारा एक बच्चा मिलने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। बताया गया कि एक बच्चा जिसकी उम्र करीब 9 वर्ष है, नाम-पता बताने में असमर्थ है और मानसिक रूप से कमजोर है। सूचना पर पीआरवी 9399 मौके पर पहुंची और बच्चे को थाने लाकर सुपुर्द किया गया। बच्चे को महिला हेल्प डेस्क पर बैठाया गया और बच्चे के माता-पिता की तलाश करते हुए बच्चे की फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की गई। जनपद के थानों पर भी गुमशुदगी की जानकारी की गई। सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चे के गांव वालों को जानकारी हुई। इसके पश्चात बच्चे के माता-पिता थाने पर उपस्थित आए और बच्चे को देखकर भावविहोर हो गए। बच्चे से मिलने की खुशी जाहिर करते हुए पुरवा पुलिस का धन्यवाद करने लगे। बच्चे को उसके पिता मनोज पुत्र ललित प्रसाद व माता नीतू निवासी हरबंत बरक थाना अचलगंज उन्नाव को सुपुर्द कर थाने से रुखसत किया गया। इस कार्य में उ0नि0 गंग प्रसाद और म0का0 प्राची सिंह की मिशन शक्ति टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# तीन दिन में सिर्फ अठाईस बैनामे, गुरुवार को सिस्टम चला तो उमड़ा हुजूम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। तीन दिनों तक 'नो नेटवर्क' और घूमते हुए बफरिंग सर्कल ने उन्नाव के निबंधन कार्यालयों में लोगों के पसीने छुड़ा दिए। तकनीकी खराबी के चलते जिलेभर में 72 घंटों के भीतर महज 28 रजिस्ट्रियां ही दर्ज हो सकीं। गुरुवार सुबह जैसे ही सर्वर ने सांस ली, दफ्तरों में बैनामा कराने वालों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।

पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने का खामियाजा उन आम लोगों को भुगतना पड़ा, जो दूर-दराज से अपनी गाढ़ी कमाई का स्टांप और दस्तावेज हाथ में लिए दिनभर कतारों में खड़े रहे। सबसे बुरा हाल सदर निबंधन कार्यालय का रहा, जहां आम दिनों में सैकड़ों रजिस्ट्रियां होती हैं, वहां कर्मचारी सिर्फ स्क्रीन को ताकते नजर आए।

समय और पैसे की बबार्दीः घंटों इंतजार के बाद भी सर्वर एरर आने से कई लोग बिना काम कराए लौटने को मजबूर हुए।

अटकी फाइलेंः बैनामा कराने आए पक्षकारों और गवाहों को तीन दिन तक लगातार दफ्तरों के चक्कर काटने पड़े। सुबह सिस्टम थोड़ा संभला तो पेंडिंग फाइलों की वजह से अचानक काउंटर पर भारी भीड़ टूट पड़ी। हालांकि, रफ्तार अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी है।

सहायक निबंधन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सर्वर में आई तकनीकी दिक्कत सिर्फ उन्नाव तक सीमित नहीं थी, बल्कि पूरे प्रदेश के कई कार्यालय इससे प्रभावित रहे। गुरुवार को काम शुरू जरूर हुआ, लेकिन सुस्त रफ्तार के चलते प्रति काउंटर 6 से 8 रजिस्ट्रियां ही निपट पा रही हैं।

आवेदकों का कहना है कि जब सरकार सब कुछ 'डिजिटल' कर चुकी है, तो बैकअप और मजबूत सर्वर की व्यवस्था भी दुरुस्त होनी चाहिए ताकि जमीन के छोटे-बड़े सौदों के लिए लोगों को बार-बार दफ्तरों की चौखट न नापनी पड़े।

# चाचा-चाची को स्टेशन छोड़ने जा रहे मजदूर की मौत तीन घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भोर की हल्की धुंध और शांत सड़क के बीच अचानक हुई एक जोरदार टक्कर ने पांच मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया। दही थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि ऑटो सवार मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थाना सोहरामऊ के उमर्रा गांव निवासी रामू पुत्र बाबूलाल मजदूरी कर अपने परिवार की गुजर-बसर करता था। गुरुवार सुबह करीब सवा पांच बजे वह अपने चाचा-चाची को ट्रेन पकड़वाने के लिए ऑटो से रेलवे स्टेशन जा रहा था। जैसे ही ऑटो बिछिया वाली रोड पर दही चौकी के पास पहुंचा, सामने से आ रही रोडवेज बस ने उसमें सीधी और भीषण टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दौड़े। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त ऑटो से घायलों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया। रामू घर में अकेला कमाने वाला था। उसके पीछे दो बेटियां और तीन छोटे बेटे हैं। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर गमगीन भाई पिंटू ने बिलखते हुए बताया कि रामू की मजदूरी से ही पूरे घर का चूल्हा जलता था। अब पांच छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश और पढ़ाई-लिखाई का संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक मदद और सरकारी सहायता की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार रोडवेज बस व चालक की तलाश में जांच शुरू कर दी है।

# हाथों में तिरंगा थाम उतरे सैकड़ों ग्रामीण सफाई कर्मचारी, बोले—नेताओं को ओपीएस तो हमें एनपीएस क्यों

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरानी पेंशन योजना (OPS) की बहाली को लेकर उन्नाव की सड़कों पर गुरुवार को जबरदस्त उत्साह और आक्रोश देखने को मिला। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सैकड़ों कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर विशाल OPS तिरंगा यात्रा निकाली। निराला पार्क से शुरू होकर अंबेडकर पार्क तक पहुंची इस रैली के दौरान कर्मचारियों ने एक सुर में पुरानी पेंशन बहाली के लिए जोरदार नारे लगाए।



संघ के जिलाध्यक्ष संदीप भारतीय के नेतृत्व में निकली इस यात्रा ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी।

'बुढ़ापे की लाठी' छीनी नहीं जा सकतीः जिलाध्यक्ष संदीप भारतीय ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी 60 साल की उम्र तक गांव-गांव जाकर स्वच्छता और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं। जीवन भर सेवा देने के बाद रिटायरमेंट पर उन्हें आर्थिक अनिश्चितता के हवाले छोड़ना सरासर अन्याय है।

दोहरा मापदंड क्यों ?: जिलामंत्री सुनील कुमार और कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार ने व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ही देश में जनप्रतिनिधियों (नेताओं) के लिए अलग पेंशन और खून-पसीना बहाने वाले कर्मचारियों के लिए अलग नियम कैसे हो सकते हैं?

संगठन मंत्री राजेश कुमार और रोहित कुमार ने दो-टूक कहा कि यदि नई पेंशन स्कीम (NPS) इतनी ही लाभकारी है, तो सांसदों और विधायकों को भी इसी व्यवस्था में शामिल किया जाना चाहिए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल ने सरकार को साफ चेतावनी दी कि यदि पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई तो यह आंदोलन केवल जिलों तक सीमित नहीं रहेगा। कर्मचारी अपनी मांग मनवाने के लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली की सड़कों तक बड़ा आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे।

रैली में श्रवण कुमार, सरोज कुमार, राम गोपाल, अशोक भारती, रजनेश, संतोष, सर्वेश यादव, बीरेन्द्र, रमेश, राहुल चौधरी और राम नरेश समेत सैकड़ों सफाई कर्मचारी तिरंगे की छांव में एकजुट नजर आए।

## सम्पादकीय

# कब तक युद्ध की कीमत चुकाएगी अर्थव्यवस्था

युद्ध की पहली तस्वीर हमेशा मिसाइल, टैंक और सैनिकों की होती है, लेकिन उसकी सबसे लंबी और गहरी मार अर्थव्यवस्था पर पड़ती है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अब औद्योगिक प्रतिष्ठान और ऊर्जा ढांचा निशाने पर हैं। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल और ईरान के संघर्ष ने दुनिया को दिखा दिया है कि किसी एक क्षेत्र में युद्ध की आग भड़कने पर उसकी लपटें तेल, गैस, जहाजरानी, महंगाई और वैश्विक व्यापार तक पहुंच सकती हैं। हाल के महीनों में होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है, जबकि यह मार्ग दुनिया के करीब पांचवें हिस्से के तेल और एलएनजी कारोबार के लिए अहम है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी चेताया है कि युद्ध के कारण तेल बाजार पर पड़ा झटका वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर जोखिम बन सकता है। इसी बीच यूक्रेन के क्रिवी रिह शहर में भारतीय उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल की कंपनी आर्सेलरमित्तल के स्टील प्लांट पर रूसी मिसाइल हमला बेहद गंभीर संकेत है। हमले में दो लोगों की मौत और 13 कर्मचारियों व ठेकेदारों के घायल होने की खबर है। प्लांट की ऊर्जा व्यवस्था और ब्लास्ट फर्नेस से जुड़े अहम हिस्सों को नुकसान पहुंचा और उत्पादन का कुछ काम रोकना पड़ा। यह सिर्फ एक फैक्ट्री पर हमला नहीं है, बल्कि उस आर्थिक ढांचे पर प्रहार है जिसके सहारे किसी देश की उत्पादन क्षमता खड़ी होती है। स्टील को आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। सड़कें बनानी हों, पुल खड़े करने हों, रेलवे का विस्तार करना हो, वाहन बनाने हों या रक्षा उपकरण तैयार करने हों। हर जगह स्टील की जरूरत है। इसलिए किसी बड़े स्टील संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रभावित होना केवल कंपनी के नुकसान तक सीमित नहीं रहता। इसके साथ कच्चे माल की आपूर्ति, परिवहन, रोजगार, निर्यात और हजारों दूसरी औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। युद्ध जब कारखाने तक पहुंचता है तो उसकी आर्थिक कीमत कई गुना बढ़ जाती है। सबसे चिंता की बात यह है कि आर्थिक ढांचा अब युद्ध की रणनीति का हिस्सा बनता जा रहा है। आर्सेलर मित्तल के इस संयंत्र को 2022 में भी निशाना बनाया गया था। यानी चार साल बाद भी औद्योगिक प्रतिष्ठान सुरक्षित नहीं हैं। एक मिसाइल कुछ क्षणों में उस उत्पादन क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती है, जिसे तैयार करने में वर्षों और अरबों रुपये लगते हैं। इसके बाद पुनर्निर्माण का बोझ भी उसी अर्थव्यवस्था को उठाना पड़ता है, जो पहले ही युद्ध से कमजोर हो चुकी होती है। भारतीय कंपनियों के लिए भी यह एक बड़ी चेतावनी है। वैश्विक निवेश के दौर में कंपनियां नए बाजारों और संसाधनों की तलाश में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में पहुंच रही हैं, लेकिन अब निवेश का फैसला केवल बाजार और मुनाफे के आधार पर नहीं हो सकता। राजनीतिक स्थिरता, युद्ध का जोखिम, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री मार्ग और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती भी निवेश के जरूरी पैमाने होने चाहिए। विडंबना यह है कि युद्ध लड़ने वाले देश सैन्य जीत का दावा कर सकते हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था अक्सर ऐसी जीत की सबसे बड़ी कीमत चुकाती है। आम नागरिक के लिए युद्ध का मतलब नक्शे पर बदलती सीमाएं नहीं, बल्कि महंगा ईंधन, महंगी चीजें, असुरक्षित रोजगार और अनिश्चित भविष्य होता है। युद्ध कुछ घंटे में अर्थव्यवस्था की दशकों की मेहनत को मिटा सकता है। आखिर कब तक अर्थव्यवस्था युद्ध की कीमत चुकाती रहेगी। इसलिए बेहतर है कि सभी समाधान कूटनीति, संवाद और वार्ता से निकालें जाएं, ताकि अर्थव्यवस्था सुरक्षित रहे।



नई बहस
ओमकार चौधरी

# दिमागी नक्सल क्यों बने नई चुनौती?

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से 'दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल कर देश की आंतरिक सुरक्षा की बदलती तस्वीर पर गंभीर बहस छेड़ दी है। बंदूक उठाने वाला नक्सलवाद कमजोर पड़ा है, लेकिन उससे जुड़ी हिंसक और अराजक मानसिकता के नए रूप सामने आने की आशंका जताई गई है। ऐसे में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, 'अर्बन नक्सल' और 'दिमागी नक्सल' के बीच अंतर समझना जरूरी हो जाता है। खासकर डिजिटल दौर में विचार, दुष्प्रचार और सोशल मीडिया के जरिए असंतोष को हिंसा की ओर मोड़ने की चुनौती सुरक्षा एजेंसियों के सामने नया सवाल खड़ा कर रही है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2026 को लाल किले की प्राचीर से एक ऐसा शब्द प्रयोग किया, जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक विमर्श में नई बहस छेड़ दी है- दिमागी नक्सल। प्रधानमंत्री का कहना था कि दशकों तक देश के बड़े भूभाग को हिंसा की गिरफ्त में रखने वाला सशस्त्र नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है, लेकिन नक्सली मानसिकता समाप्त नहीं हुई है। उनके अनुसार हथियारबंद नक्सली जंगलों में परास्त हुए हैं, पर ऐसी विचारधारा वाले तत्व अब भी अवसर की तलाश में रहते हैं और हिंसा तथा अराजकता के रास्ते खोजते हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे तत्वों को पहचानने और उन्हें अलग-थलग करने की आवश्यकता बताई।

प्रधानमंत्री ने यह बात किसी सामान्य राजनीतिक सभा में नहीं, बल्कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से कही। इसलिए सवाल स्वाभाविक है कि आखिर यह चुनौती कितनी गंभीर है? क्या भारत की आंतरिक सुरक्षा के खतरे का स्वरूप बदल रहा है? क्या बंदूक, बारूद और जंगलों में चलने वाले विद्रोह के कमजोर होने के बाद अब विचार, प्रचार, भ्रम, सामाजिक असंतोष और अराजक आंदोलनों के जरिए व्यवस्था को चुनौती देने का दौर शुरू हो रहा है? इस प्रश्न को समझने के लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, अर्बन नक्सल और अब 'दिमागी नक्सल'। इन पांचों के बीच अंतर भी समझना होगा। भारत कई दशकों तक एक साथ अनेक आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों से जूझता रहा है। आतंकवाद ने जम्मू-कश्मीर से पंजाब और दिल्ली से मुंबई तक देश को गहरे घाव दिए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठनों ने सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दिया। दूसरी तरफ नक्सलवाद ने मध्य और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में समानांतर हिंसक व्यवस्था खड़ी करने की कोशिश की। पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में अलगाववाद की चुनौती रही। इन सभी चुनौतियों की प्रकृति अलग थी, लेकिन एक बात समान थी। भारतीय राज्य, संविधान और स्थापित व्यवस्था को चुनौती। आतंकवाद का सबसे प्रत्यक्ष रूप हिंसा है। उसका उद्देश्य भय उत्पन्न करके सरकार और समाज पर दबाव बनाना होता है। बम विस्फोट, सामूहिक हत्याएं, आत्मघाती हमले, अपहरण और सुरक्षा बलों पर हमले इसके हथियार रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध अपनी रणनीति में बड़ा परिवर्तन किया है। आतंकवादी ढांचे, वित्तीय नेटवर्क, सीमा पार प्रशिक्षण और घुसपैठ के विरुद्ध सुरक्षा तथा खुफिया तंत्र को मजबूत किया गया है। आतंकवाद समाप्त हो गया है, ऐसा कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उसकी परिचालन क्षमता को कई स्तरों पर गंभीर चोट पहुंची है। नक्सलवाद की कहानी इससे अलग है। 1967 में नक्सलबाड़ी से निकला माओवादी आंदोलन धीरे-धीरे सशस्त्र विद्रोह में परिवर्तित हुआ और छत्तीसगढ़, झारखंड, उडीसा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के हिस्सों में इसका प्रभाव फैलता गया। एक समय देश के सौ से अधिक जिले किसी न किसी रूप में नक्सली हिंसा से प्रभावित माने जाते थे। जंगलों के भीतर नक्सली संगठन अपनी समानांतर सत्ता चलाते थे। वे पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की हत्या करते थे, सरकारी भवनों को उड़ाते थे, सड़क और रेल ढांचे को



निशाना बनाते थे और स्थानीय आबादी से जबरन धन वसूलते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 2026 के संबोधन में कहा कि नक्सलवाद और माओवाद ने लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया और चार दशकों तक देश के बड़े हिस्से तथा विशाल आबादी को बंदूक के भय में रखा। उन्होंने यह भी कहा कि सामान्य नागरिकों की रक्षा करते हुए 3,500 से अधिक पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने बलिदान दिया, लेकिन यहीं से प्रधानमंत्री की दूसरी चिंता शुरू होती है। हथियारबंद नक्सली पराजित हो गए हैं, लेकिन नक्सली मानसिकता अभी मौजूद है। ऐसे तत्व अवसर तलाश रहे हैं, हिंसा और अराजकता के रास्ते खोज रहे हैं और समाज को गलत दिशा में ले जाने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। यही वह संदर्भ है जिसमें दिमागी नक्सल शब्द सामने आया। सामान्यतः इसका इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया जाता रहा जो स्वयं जंगलों में बंदूक लेकर न लड़ते हों, लेकिन माओवादी हिंसा अथवा उसके वैचारिक आधार के प्रति सहानुभूति रखते हों, उसे वैचारिक, बौद्धिक या प्रचारात्मक समर्थन देते हों अथवा व्यवस्था-विरोधी हिंसक आंदोलन को वैध ठहराने का प्रयास करते हों। हालांकि 'अर्बन नक्सल' कोई स्पष्ट कानूनी श्रेणी नहीं है और इस शब्द के राजनीतिक इस्तेमाल को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है। इसीलिए आज राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सीमा, पुलिस चौकी अथवा जंगल का प्रश्न नहीं रह गई है। सूचना का क्षेत्र भी नया युद्धक्षेत्र बन चुका है। सामाजिक माध्यम, कूट-रचित वीडियो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार सामग्री, दुष्प्रचार, झूठी सूचनाएं और संगठित प्रचार कुछ घंटों में लाखों लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। किसी स्थानीय विवाद को राष्ट्रीय संघर्ष बनाया जा सकता है। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, बेरोजगारी, परीक्षा, किसान, छात्र अथवा किसी अन्य वास्तविक शिकायत को लेकर पैदा हुए असंतोष में भ्रामक सूचनाएं मिलाकर उसे हिंसक दिशा में मोड़ना पहले की तुलना में कहीं आसान हो गया है। यही वह क्षेत्र है जहां 'दिमागी नक्सल' की अवधारणा को केवल पुराने माओवाद के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। यदि इसका आशय ऐसी मानसिकता से है जो लोकतांत्रिक असंतोष को हिंसक अराजकता में बदलना चाहती है, समाज के विभिन्न वर्गों को लगातार एक-दूसरे अथवा राज्य के विरुद्ध भड़काती है और संवैधानिक रास्ते के बजाय अव्यवस्था को परिवर्तन का माध्यम मानती है, तो यह वास्तव में आधुनिक आंतरिक सुरक्षा की गंभीर चुनौती है। पुराने नक्सलवाद को पहचानना अपेक्षाकृत आसान था। जंगल में हथियारबंद दस्ते थे, निश्चित संगठन थे, कमांडर थे, प्रशिक्षण शिविर थे और प्रभावित क्षेत्र थे। आतंकवादी की पहचान भी उसके संगठन, हथियार, वित्तीय नेटवर्क अथवा हिंसक कार्रवाई से की जा सकती थी। लेकिन विचार और दुष्प्रचार के क्षेत्र में काम करने वाले नेटवर्क को पहचानना कहीं कठिन है। वहां अपराध और विचार, असहमति और उकसावे, आंदोलन और अराजकता के बीच बहुत महीन अंतर होता है। इसलिए राज्य के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ उसे उन नेटवर्कों पर निगरानी रखनी होगी जो हिंसा, अलगाववाद, आतंकवाद अथवा माओवादी विद्रोह के लिए वैचारिक और प्रचारात्मक वातावरण तैयार करते हैं। दूसरी तरफ उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार की आलोचना करने वाला प्रत्येक पत्रकार, छात्र, लेखक, बुद्धिजीवी, किसान नेता या राजनीतिक कार्यकर्ता केवल असहमति के कारण संदेह के घेरे में न आ जाए। भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ी है। नक्सली हिंसा को पीछे धकेला है। अलगाववादी नेटवर्क को भी गंभीर चुनौती मिली है। लेकिन इतिहास बताता है कि हिंसक विचारधाराएं केवल संगठन समाप्त होने से खत्म नहीं होतीं। वे स्वरूप बदलती हैं, नए मुद्दे तलाशती हैं, नई भाषा अपनाती हैं और नई पीढ़ी में प्रवेश करने का प्रयास करती हैं।

## जलवायु परिवर्तन

एस एन वर्मा



# विदेशी निवेश से ही पूरा होगा नेट-जीरो उत्सर्जन का सपना

ग्लासगो में आयोजित 26वें जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने घोषणा की थी कि वह वर्ष 2070 तक कार्बन-न्यूट्रल देश बन जाएगा। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करना आसान नहीं है। इसके लिए भारत को वर्ष 2070 तक लगभग 22.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी औसतन करीब 500 अरब डॉलर प्रतिवर्ष निवेश की आवश्यकता होगी। इसमें लगभग 6.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तीय अंतराल अनुमानित है, जिसकी पूर्ति के लिए विदेशी पूंजी निवेश में वृद्धि जरूरी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज और कार्बन कैप्चर जैसी महंगी और नई तकनीकों के विकास के लिए विदेशी तकनीकी सहयोग और वैश्विक पूंजी की भी आवश्यकता होगी। फिलहाल, सम्मेलन में किए गए वादे के अनुसार भारत वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश में 30 जून 2026 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर आधारित कुल 297.36 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित हो चुकी है। इसमें 288.58 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और 8.78 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता शामिल है। वर्ष 2015 में ही राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के माध्यम से इसके लिए मजबूत आधार तैयार किया गया था। इसमें 2030 तक जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में 33-35 प्रतिशत की कमी और गैर-जीवाश्म संसाधनों पर आधारित विद्युत ऊर्जा की स्थापित क्षमता में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा गया था। नेट जीरो का अर्थ आखिर क्या है? इसका सीधा मतलब है कि वातावरण में छोड़ी जाने वाली ग्रीनहाउस गैसों और उनसे होने वाले अवशोषण के बीच संतुलन स्थापित करना। देश में इसकी दिशा में काम शुरू हो चुका है। महाराष्ट्र का बेला गांव इसका उदाहरण है। यहां कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कई सरल लेकिन प्रभावशाली कदम उठाए गए। गांव में वृक्षारोपण अभियान के तहत 90 हजार से अधिक पेड़ लगाए गए, जो कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और वायु गुणवत्ता सुधारने में मदद करते हैं। सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए त्योहारों और विवाह समारोहों जैसे अवसरों पर भी पौधरोपण अभियान चलाए गए। स्वच्छ खाना पकाने को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक लकड़ी से चलने वाले चूल्हों की जगह एलपीजी और सौर ऊर्जा आधारित विकल्प अपनाए गए। वर्तमान में भूटान और सूरीनाम दुनिया के उन देशों में शामिल हैं जो कार्बन नेगेटिव हैं। यानी वे जितना कार्बन उत्सर्जित करते हैं, उससे अधिक मात्रा में कार्बन का अवशोषण करते हैं। दोनों देशों को अपनी कम जनसंख्या, सीमित औद्योगिक गतिविधियों और बड़े वन क्षेत्र का लाभ मिलता है।वैश्विक जलवायु संकट के बीच विकासशील देश भी उत्सर्जन कम करने में अपना योगदान दे रहे हैं। दुनिया के बड़े कार्बन उत्सर्जकों में शामिल भारत ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। हालांकि, अन्य बड़े प्रदूषकों की तुलना में भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन काफी कम है। दुनिया की करीब 17 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, जबकि वैश्विक उत्सर्जन में उसकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से भी कम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए पांच सूत्रीय रणनीति 'पंचामृत' की घोषणा की थी। इसके तहत वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाना, ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करना, एक अरब टन कार्बन उत्सर्जन कम करना और कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता में 45 प्रतिशत तक कमी लाना शामिल है। इन लक्ष्यों के आधार पर भारत 2070 तक नेट जीरो की दिशा में आगे बढ़ रहा है।भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती क्लाइमेट फाइनेंस यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक वित्त जुटाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अमीर देशों से जलवायु वित्त उपलब्ध कराने की मांग की है। नीति आयोग की 'नेट जीरो' रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 2070 तक इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगभग 22.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की जरूरत होगी।

# सद्गुरु के प्रति रखना चाहिए कृतज्ञता का



संकलित

दर्शन

हमें हमेशा सद्गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। दुनियावी तौर पर भी देखें कि अगर हमें कोई ऐसे इन्सान से मिला देता है, जिससे हमारा कार्य सिद्ध हो जाए, तो हम उस इनसान के एहसान को नहीं भूलते, इसी प्रकार सद्गुरु ने हमारा परिचय एक ऐसी दिव्य शक्ति से करवाया है जो हमारी हर हरकत से वाकिफ है और हमारे अंग-संग भी है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में इसकी निशानी बताई कि जिसको शस्त्र नहीं काट सकता, पानी भिगो नहीं सकता, अग्नि जला नहीं सकती व हवा उड़ा नहीं सकती। निरंकार प्रभु के सर्वशक्तिमान व सर्वव्यापक होने की बात श्री रामचरित मानस में भी की गई है। बिन पग चलई सुनई बिन काना, कर बिनु कर्म करई विधि नाना।आनन रहित सकल रस भोगी,बिनु बाणी वक्ता बड़ जोगी।। लेकिन यह बात हमारे जहन में रहे कि निरंकार प्रभु की सारी शक्तियों को संचालित व क्रियान्वित रूप देने वाला स्वयं सद्गुरु ही होता है, क्योंकि निरंकार, सद्गुरु में ही समाया होता है। निरंकार अपने आपमें एक विधान है, यह न्यायकारी है, निरंकार का नियम है कि जो जैसा कर्म करेगा उसे वैसा ही फल भोगना पड़ेगा, जैसे भगवान श्री कृष्ण ने गीता में लिखा है। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। हम कर्म के फल से चाहकर भी नहीं बच सकते। सद्गुरु से रहित सृष्टि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। श्री कृष्ण जी ने कहा है कि आचार्य मां विजानियात अर्थात मुझे ही जानो। हे अर्जुन! संसार में ब्रह्मवेत्ता महात्मा सदैव ही उपलब्ध रहते हैं अन्यथा ब्रह्मवेत्ता रहित संसार एक भयंकर नरक कुंड बन जाता।

# छोड़ दें ऐसे स्थान, जहां नहीं मिलता सम्मान



संकलित

प्रेरणा

चाणक्य ने अपनी नीतियों के द्वारा बताया है कि किन स्थानों पर अधिक समय तक रहना खतरे से खाली नहीं है जितना जल्दी हो सके उस जगह को छोड़ देना चाहिए। चाणक्य नीति अनुसार जिस जगह पर आपका कोई मान सम्मान या आदर न करता है उस जगह पर अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए जितनी जल्दी हो सके उसे त्याग देना चाहिए, वरना इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा जिस स्थान पर नौकरी के पर्याप्त साधन न हो वहां पर भी अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए क्योंकि इससे आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। चाणक्य नीति की मानें तो जिस जगह पर कोई नाते रिश्तेदार या अपना सगा न रहता है वहां अधिक समय तक रहने से व्यक्ति मानसिक तनाव का शिकार हो सकता है ऐसे में इस स्थान को भी त्याग देना बेहतर होगा। जिस जगह पर शिक्षा के कोई साधन न हो या फिर जहां शिक्षा का महत्व न हो। वहां पर भी नहीं रहना चाहिए जितनी जल्दी हो ऐसे स्थान को त्याग देना उचित है। चाणक्य की मानें तो जहां रहने वाले लोगों में कोई अच्छा गुण न हो, वहां भी अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए वरना हम भी उन्हीं के जैसे बन जाएंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए।

*- विनय कुमार, सोनीपत*

## X ट्रेंड

### मेरी शुभकामनाएं



भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों और पार्टी में विभिन्न जिम्मेदारियां पाने वाले सभी नेताओं को बधाई। नवनियुक्त टीम में संगठनात्मक अनुभव, ऊर्जा और जमीनी स्तर से जुड़ाव का बेहतर मेल है। मेरी उन्हें शुभकामनाएं हैं। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### लोकसेवक बड़ी भूमिका निभाएं



लोक सेवकों को पूरे सेवा भाव के साथ बड़ी भूमिका निभानी चाहिए और लोगों के अनुकूल तरीके से सेवाएं देनी चाहिए। अधिकारियों को नियमित रूप से लोगों से मिलना चाहिए और उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। **-राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### लोकल को ग्लोबल बनाएं



जब हमारा धन विदेशों में जाता है तो उसका एक हिस्सा हमारे खिलाफ ही आतंकवाद को भड़काने और भारत को अस्थिर करने में खर्च होता है। मैं आपसे अपील करता हूं कि स्वदेशी को प्राथमिकता दें। लोकल को ग्लोबल बनाने की दिशा में प्रयास करें और यह अभियान गांव में भी प्रारंभ हो सकता है। **-योगी आदित्यनाथ**, सीएम, यूपी

### भूमि नीति लाएंगे



हमारी सरकार जल्द ही व्यापक निवेश और भूमि नीति पेश करेगी तथा किसानों से जबरन भूमि अधिग्रहण किए बिना उद्योगों को जमीन उपलब्ध कराएगी। हम आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अपनाए गए सफल मॉडल के आधार पर भूमि नीति में बदलाव करने की योजना बना रहे हैं। **-शुभेंदु अधिकारी**, सीएम, प. बंगाल

## करंट अफेयर

# होर्मुज पर ईरान-ओमान मिलकर वसूलेंगे टैक्स!

अमेरिका और इजराइल द्वारा मिलकर ईरान पर हमला किए जाने के बाद पश्चिम एशिया की राजनीति तेजी के साथ बदली है। कभी सभी के लिए खुला रहने वाला होर्मुज स्ट्रेट आज केवल कुछ ही देशों के लिए चालू है। अब इस मामले पर एक अहम परिवर्तन हुआ है। होर्मुज के दोनों किनारों पर स्थित ईरान और ओमान ने इस समुद्री रास्ते को लेकर एक नया समझौता किया है। हालांकि, ईरान, अमेरिका के साथ जारी युद्ध के बाद लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि वह होर्मुज पर फीस लगाने वाला है। वह इसे फीस नहीं बल्कि सुरक्षा के लिए दिया जाने वाला 'सर्विस टैक्स' करार देता है।



## ऑफ बीट

# केदारेश्वरनाथ मंदिर में बिस्कुट सब्जियों से सजता है शिवलिंग

सावन के पवित्र महीने में देशभर के शिव मंदिरों में भोलेनाथ का फूलों और बेलपत्र से विशेष श्रृंगार किया जाता है, लेकिन झारखंड के बोकारो का एक शिव मंदिर अपनी अनोखी परंपरा के लिए खास चर्चा में है। कैंप-2 स्थित श्री श्री केदारेश्वर नाथ मृत्युंजय मंदिर में भगवान शिव का श्रृंगार फूलों के साथ गाजर, भिंडी, बैंगन, टमाटर, हरी सब्जियों, छाछ और यहां तक कि बिस्कुट से भी किया जाता है। पूजा के बाद इन सामग्रियों को श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में बांट दिया जाता है। मंदिर के पुजारी निकेश कुमार शास्त्री ने बताया कि केदारेश्वर नाथ मृत्युंजय मंदिर का निर्माण उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ धाम को ध्यान में रखकर कराया गया है।



## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अन्ना मवेशी की मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। गडरिया खेड़ा रेलवे क्रॉसिंग के पास अचानक ट्रेन की चपेट में अन्ना मवेशी आ गया और उसकी मौत हो गई रेलवे पटरी के किनारे कई दिनों से बच्चों महिलाओं सहित कुछ लोग गुमटियां लगा कर कब्जा कर रखा हैं जिससे वहां पर खतरा बना रहता है तकिया रेलवे स्टेशन से 500 मीटर पहले गडरिया खेड़ा रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे पटरी केकिनारे कई दिनों से लगभग 10 से 12 तंबू लगाकर बाहरी लोग बच्चों महिलाओं समेत रहने लगे बृहस्पतिवार को सायंकाल उन्नाव की तरफ से आ रही रायबरेली पैसेंजर ट्रेन गडरिया खेड़ा क्रॉसिंग के पास पहुंची अचानक पटरी पर अन्ना मवेशी आ जाने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई लोगों ने कहा कि रेलवे प्रशासन के द्वारा पटरी के किनारे कई दिनों से रह रहे बच्चों महिलाओं के साथ रह रहे लोगों को नहीं हटाया गया तो किसी दिन कोई अनहोनी बड़ी घटना घटित हो सकती है

### विद्यालय से सबमर्सिबल मोटर पंप की चोरी

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। एक परीषदीय विद्यालय से सबमर्सिबल मोटर पम्प की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना रूपईडीहा थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय जैतापुर (1-8) के कैंपस की है ।मामले को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीकांत भारती द्वारा रूपईडीहा थाना में लिखित प्रार्थनापत्र दिया गया है। प्रधानाध्यापक श्रीकांत भारती , ग्राम प्रधान निशा सिंह एवं एसएमसी अध्यक्ष घनश्याम यादव द्वारा दिए प्रार्थना पत्र में कहा गया कि 19-20 अगस्त की बीती रात स्कूल कैंपस में लगे छात्रों के शुद्ध पेयजल हेतु समरसेबल की चोरी हो गई है ।20 अगस्त की सुबह स्कूल खुलने पर रसोईया द्वारा सूचना दी गई ।अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल हेतु स्कूल मे समरसेबल लगाया गया था ।सम्बंधित स्कूल में इससे पूर्व की चोरिया हो चुकी है पर सम्बंधित द्वारा ठोस कदम न उठाये जाए से बेखौफ चोरो द्वारा आए दिन क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों कों निशाना बनाकर घटना को अंजाम दे रहे है।

### अमेठी में मिले 2 दर्जन से अधिक तांबा के गोले

#### पुलिस ने जगह को सील किया, घर में टैंक की खुदाई हो रही थी

अमेठी , घर के निर्माण के लिए खोंदे जा रहे गड्ढे में तांबे का गोला मिला है। मजदूरों ने आगे और खुदाई की तो कई गोले मिले। मजदूरों ने खोदाई रोककर इसकी जानकारी जमीन के मालिक को दी। मालिक ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने सभी तांबे के गोलों को कब्जे में लेकर जमीन के चारो ओर बैरिकेडिंग कराकर सीज कर दिया। इसके साथ ही आसपास में सुरक्षा बढ़ा दी है। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की हिदायत दी है।

## नेपालगंज में धूमधाम से मनाई गई तुलसी जयंती अवधी दिवस

### कार्यक्रम में भारत नेपाल के साहित्यकारों कलमकारों का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जिले के भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में बसे पड़ोसी देश नेपाल के नेपालगंज में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में भारत नेपाल के कलमकारों साहित्यकारों का सम्मान किया गया। बुधवार को विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ श्री रामचरितमानस के रचयिता संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की महराज की जयंती को देश-विदेश में धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में पड़ोसी देश नेपाल के नेपालगंज में सोनाखरी रेस्टोरेंट में अवधी सांस्कृतिक प्रतिष्ठान केंद्रीय कार्य समिति द्वारा पांचवां अंतरराष्ट्रीय तुलसी जयंती अवधी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सलाहकार व वरिष्ठ समाजसेवी नेपालगंज मेडिकल कॉलेज के संस्थापक डॉ सुरेश कुमार कनौडिया ने किया। कार्यक्रम संयोजक जहीरुल हक जीनू रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लुंबिनी प्रदेश के आंतरिक मामले कानून यातायात उद्योग मंत्री भंडारी लाल अहीर रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख जिला अधिकारी दिल बहादुर तमांग,युवा मेयर प्रशांत बिष्ट, मधेश आयोग के पूर्व सदस्य विजय गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ माधव खनाल, अवधी सम्राट इंद्र बहादुर सिंह इंद्रेश भदौरिया, वरिष्ठ साहित्यकार एवं समालोचक संदीप मिश्रा सरस, वरिष्ठ साहित्यकार सनत रेगमी, डॉ गोपाल शर्मा अधिकारी, कल्पना पौडेल, कुंवर इंद्रजीत सिंह ,डॉ हरी तिमिलसिना, अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्रा, बलराम यादव, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर गोस्वामी तुलसी दास के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में कविता पाठ कजरी गीत लोकगीत आदि गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सम्मान समारोह में रायबरेली के पांच ,सुल्तानपुर के पांच, लखनऊ के चार ,बाराबंकी के चार ,सीतापुर के पांच, बहराइच के चार ,अयोध्या के एक, नेपाल के 15 तथा अवध भारती संस्थान लखनऊ द्वारा अवधी जागरण यात्रा में शामिल साहित्यकार डॉ राम बहादुर मिश्रा , नागेन्द्र सिंह चौहान, प्रदीप सारंग सहित पांच लोगों को सम्मानित किया गया। तीन लोगों को अभिनंदन सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में भारत नेपाल के 15 लोगों को स्नेह प्रतीक चिन्ह मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ही अवधी जागरण यात्रा की ओर से पहुंचे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राम बहादुर मिश्रा की ओर से नेपाल के पांच लोगों की को भी अंग वस्त्र चित्र बैग आदि देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों के स्वागत में ब्रजेश बहादुर सिंह, सुशीला वैश्य, अल्पना वैश्य ,वीरेंद्र यादव की विशेष भूमिका रही।कार्यक्रम आयोजक व वरिष्ठ साहित्यकार विष्णु लाल कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत और नेपाल के साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से जहां साहित्यिक रूप में मजबूती आएगी वहीं रोटी बेटी के रिश्तों के संबंध भी मजबूत होंगे। इस मौके पर सम्मानित होने वालों में डॉ राम बहादुर मिश्रा, नागेंद्र बहादुर सिंह चौहान,प्रदीप सारंग,इंद्रेश भदौरिया, संदीप सरस, पवन सिंह, रामसागर राव तिलक राम अजनबी, सुभाषित श्रीवास्तव अकिंचन, लक्ष्मण देश प्रेमी राजपूत ,मिथिलेश जायसवाल, मीना गुप्ता, विमला यादव, संध्या शर्मा चंदा सिंह सहित लगभग 150 साहित्यकार कलमकारों की उपस्थिति रही।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

### खान-पान की गुणवत्ता परखी, व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारियों को दिए सख्त दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। तहसील क्षेत्र के लालपुर जलालपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का उपजिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक ने औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के अचानक विद्यालय पहुंचने से विद्यालय प्रशासन में हलचल रही। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे खान-पान की गुणवत्ता की सघन जांच की। उपजिलाधिकारी ने रसोईघर में पहुंचकर भोजन तैयार किए जाने की व्यवस्था, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य और सुविधाओं के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, भोजन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी देखा गया। उन्होंने विद्यालय के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप छात्राओं को बेहतर शैक्षिक माहौल के साथ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा छात्राओं के खान-पान पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए। एसडीएम प्रशांत कुमार नायक ने कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यालय की व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने और छात्राओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय प्रशासन से व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी भी ली और आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए। उनके निरीक्षण को लेकर विद्यालय प्रशासन ने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया।

## श्रावण के चौथे सोमवार व बरावफात को लेकर फखरपुर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराईच। श्रावण मास के चौथे सोमवार एवं बरावफात के मद्देनजर गुरुवार को थाना फखरपुर परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के धार्मिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ जुलूस आयोजक, डीजे संचालक तथा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने आगामी धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। अधिकारियों ने सभी आयोजकों से अपील की कि निर्धारित नियमों का पालन करते हुए धार्मिक कार्यक्रमों एवं जुलूसों का आयोजन करें तथा किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि न की जाए, जिससे आपसी सौहार्द प्रभावित हो कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बैठक में मौजूद सभी आयोजकों एवं डीजे संचालकों को शासन के दिशा-निर्देशों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान निर्धारित मार्ग, समय एवं नियमों का पूरी तरह पालन किया जाए। साथ ही डीजे की ध्वनि एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जारी निर्देशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए शांतिपूर्ण ढंग से सभी धार्मिक आयोजनों को संपन्न कराने की बात कही।

## राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने किया नमन

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को बाबागंज क्षेत्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. ए.एम. सिद्दिकी, पूर्व प्रत्याशी 283 विधानसभा नानपारा के निवास पर आयोजित हुआ। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और देश के लिए उनके योगदान को याद किया ।कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की राजनीति को नई दिशा देने के साथ-साथ आधुनिक भारत के निर्माण की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से विज्ञान एवं तकनीक, संचार व्यवस्था, शिक्षा, कंप्यूटर और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी का सपना एक ऐसा भारत बनाने का था, जो आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़े और गांवों तक विकास की पहुंच सुनिश्चित हो ।श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों और विचारों को याद किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को देश के विकास में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया और आधुनिक तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की ।वक्ताओं ने कहा कि देश में संचार और तकनीकी क्षेत्र में हुए बदलावों की नींव रखने में राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके कार्यकाल में कंप्यूटर और दूरसंचार के क्षेत्र को बढ़ावा मिला, जिसका प्रभाव आगे चलकर देश के विकास में दिखाई दिया। इसके साथ ही पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में भी उनके प्रयासों को याद किया गया ।कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्री सिंह, रसूल खान, शाकिर कुरैशी, मुलायम एडवोकेट, संदीप यादव, अब्दुल कलाम, मोहम्मद आलम, चांद सिद्दीकी और गुड्डू हलवाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने तथा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी की सोच और उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी देश के विकास और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं ।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को नमन किया और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## ढोढेपुरवा में वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ नर तेंदुआ

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत रेंज ककरहा के ढोढ़ेपुरवा पचासा बेझा गांव में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ कैद हुआ है। वन विभाग ने जहां राहत की सांस ली है वही ग्रामीणों ने क्षेत्र में और तेंदुआ होने की बात कही है। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ नर है और उसकी उम्र लगभग 8 से 9 वर्ष है ,वजन 45 से 50 किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में उसे प्राकृतिक वास में छोड़ा जाएगा। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए ग्रामीणों से अपील की है उन्होंने कहा कि ग्रामीण समूह में निकलें खेतों में काम करने जाते समय अकेले बिल्कुल न जाएं। हमेशा 4-5 लोगों के समूह में जाएं और साथ में डंडा रखें। बातचीत करते हुए या आवाज करते हुए चलें। समय का ध्यान रखेंः सुबह जल्दी (अंधेरा रहते) और देर शाम या रात के समय खेतों की ओर जाने से पूरी तरह बचें ।बच्चों की सुरक्षाः बच्चों को देर शाम या अहले सुबह घर के बाहर या गांव की सीमा पर अकेला न घूमने दें। उन पर विशेष नजर रखें ।घनी झाड़ियों से बचेंः मानसून में झाड़ियों की अत्यधिक बढ़वार हो जाती है, जो वन्यजीवों के छिपने का आदर्श स्थान होती हैं। ऐसी जगहों के आस-पास विशेष सतर्कता बरतें और घरों के आस-पास की सफाई रखें ।तत्काल सूचना देंः किसी भी वन्यजीव (तेंदुआ, बाघ आदि) के दिखने पर खुद कोई कदम उठाने या भीड़ लगाने से बचें। इसकी सूचना तुरंत नजदीकी वन चौकी, वन रक्षक या वन विभाग के अधिकारियों को दें।

## नवनिर्मित पुल कई जगह धंसा गुणवत्ता पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में दो जनपदों को जोड़ने के लिए सई नदी पर नवनिर्मित पुल के दोनों तरफ का पहुंच मार्ग कई स्थानों पर धंसकर बुरी तरह से कट गया है ।उदघाटन से पूर्व इस मार्ग की हालत खस्ता होने के कारण इसके निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर लोगो में चर्चा तेज है। ज्ञात हो बांगरमऊ क्षेत्र के गांव तमोरिया बुजुर्ग के निकट हरदोई जनपद की सीमा को जोड़ने के लिए सई नदी पर एक पुल का निर्माण कराया जा चुका है हालांकि इस पुल को बनने के बाद आवागमन चालू है किंतु अभी तक इस पुल का उद्घाटन नहीं हो सका है किंतु सीजन की बारिश ने इस पुल के दोनों सिरों पर बने पहुंच मार्ग की हालत खराब करके रख दी है ।ज्ञात हो सई नदी हरदोई तथा उन्नाव दोनों जनपदों के बीच की सीमारेखा मानी जाती है जिससे नवनिर्मित सई नदी के पुल का एक सिरा हरदोई जनपद क्षेत्र में है जबकि दूसरा सिरा उन्नाव सीमा क्षेत्र में है वर्तमान समय पुल के दोनों सिरों पर पहुंच मार्ग बारिश के पानी से कई स्थानों पर कट गया है जबकि कुछ स्थानों पर धंस भी गया है साथ ही सड़क के दोनों तरफ ढलान की मिट्टी बह जाने से पत्थर आदि बुरी तरह से बिखर चुके है कुल मिलाकर इस नवनिर्मित पुल के दोनों तरह के पहुंच मार्गो की दसा खराब होने से उद्घाटन से पूर्व ही इसकी हालत खराब करके रख दी है ।जिससे लोगों में इसके निर्माण कार्यों के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर रहे है। कार्यदाई संस्था से जुड़े प्रवीण कुमार ने कहा है कि बारिश से यदि मार्ग धंस गया है तो जल्द ही इसका दुरुस्तीकरण कराया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वितरित की राहत किट

### प्रभावित ग्रामों का ट्रैक्टर से किया भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचे राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री दिनेश प्रताप सिंह ने मिहींपुरवा क्षेत्र के गुलरहिया गांव में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह व बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर के साथ 75 बाढ़ प्रभावित महिला एवं पुरुषों को राहत किट वितरित की तथा प्रभावित परिवारों का हालचाल जाना। राहत वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि योगी सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि पूरा जिला प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों में जुटा हुआ है। यदि जलस्तर में पुनः वृद्धि होती है तो प्रभावित परिवारों को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में किसी को भी अकेला नहीं छोड़ा जाएगा ।राहत वितरण के उपरांत प्रभारी मंत्री ने ट्रैक्टर से बाढ़ के पानी से घिरे गांवों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर जलभराव एवं अन्य समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।बताया गया कि मिहींपुरवा क्षेत्र के छः मजरों के बारह पुरवे बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए हैं। हालांकि वर्तमान में जलस्तर घटने से बाढ़ का पानी गांवों से निकलना शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है। वहीं खेतों में अभी भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है तथा राहत एवं बचाव कार्य जारी हैं ।इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, विधायक बलहा प्रतिनिधि आलोक जिंदल, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी, मण्डल अध्यक्ष संजय मौर्या, भूरे प्रसाद मौर्य, प्रधान प्रीतम निषाद व राजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल जायसवाल मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर पीड़ितों को दिया हरसंभव मदद का भरोसा

### प्रभावित ग्रामों का ट्रैक्टर से किया भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचे राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/ प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह व विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों रामपुर रतिया, धर्मपुर संपत, पूर्व खैरी पुरवा एवं बाबा रामपुर रतिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न होने पाए। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि जिन किसानों की धान की फसल बाढ़ के पानी में डूबकर प्रभावित हुई है, उनकी फसल का सर्वे कराया जाएगा और नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उन्हें शासन की प्रत्येक सुविधा एवं योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से धैर्य बनाए रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## आदर्श समाज सेवा समिति ने साहित्यकार रेडियो एंकर लक्ष्मण प्रेमी को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति ने तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत गौरा पिपरा निवासी अवधी हिंदी साहित्यकार रेडियो संचार कर्मी लक्ष्मण देश प्रेमी राजपूत को डायरी पेन व कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया है। समिति के अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने कहा कि लक्ष्मण प्रेमी राजपूत जंगल क्षेत्र के निवासी होने के बावजूद पड़ोसी देश नेपाल तक अपनी प्रतिभा के दम पर क्षेत्र का नाम रोशन किया उन्होंने कहा कि साहित्यिक सामाजिक व रेडियो के क्षेत्र में किए गए कार्य अतुलनीय है ।आपको बताते चलें कि लक्ष्मण देश प्रेमी राजपूत पड़ोसी देश नेपाल में संचालित एफएम रेडियो में लंबे समय से अवधी हिंदी का कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी एक अलग पहचान बन चुके हैं। अवधी भाषा साहित्य संरक्षण के क्षेत्र में इनका अतुलनीय योगदान है ।इस मौके पर आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष संतोष मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, जिला उपाध्यक्ष राम बरन वर्मा, सलाहकार रामसूरत यादव सहित कई समिति पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।




## शारदा नहर में कूदी नवविवाहिता का 24 घंटे बाद गोताखोरों ने निकाला शव

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। नागपंचमी त्योहार पर मायके आई नव विवाहिता बुधवार साइकिल से निकली व घर से तीन किलोमीटर दूर शारदा नहर ब्रांच पुल पर साइकिल खड़ी कर छलांग लगा दी। पुलिस ने मंगलवार गोताखोर बुलाए पर सफलता नही मिली बृहस्पतिवार गंगाघाट से आई गोता खोरो की पाच सदस्यीय टीम ने पुलिया से लगभग 300 मीटर दूर शव बरामद कर लिया। बुधवार लगभग 11 बजे एक राहगीर वृद्ध ने कोतवाली क्षेत्र गाव दराबनगर में ग्रामीणो को एक युवती द्वारा साइकिल खड़ी कर नहर में छलांग लगा देने की सूचना दी थी गाव से मात्र दो सौ मीटर दूर शारदानहर ब्रांच लिलौरी पुल पहुच ग्रामीणो ने देखा तो एक साइकिल खड़ी थी जिसमे महिला का स्कार्फ बंधा था पास में ही लाल रंग की चप्पल पड़ी थी ।युवती द्वारा नहर में छलांग लगा देने की आशंका पर ग्रामीणो ने पुलिस को व आसपास गाव में फोन से सूचना दी थी। कोतवाली क्षेत्र देवगाव निवासी गुलाब सिंह ने मौके पर पहुच बताया था कि साइकिल , स्कार्फ व चप्पल उसकी भतीजी सोनी (23) पुत्री दुष्यंत यादव की है जिसका चार माह पूर्व थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र रायपुर निवासी कपिल यादव के साथ हुआ था जो दो दिन पूर्व नागपंचमी के त्योहार पर मायके आई थी ।सोनी के भाई लखन यादव ने बताया कि सुबह लगभग 10 बजे सामान्य अवस्था मे सफीपुर जाने का बता घर से निकली थी ।पुलिस ने मंगलवार नहर में कूदने की आशंका पर बिठूर से दो गोताखोर बुलाए पर देर शाम तक सफकता नही मिली ।बृहस्पतिवार पुलिस ने गंगाघाट से एक्सपर्ट पाच गोताखोरों की टीम आई जिसने दो घंटे की मशक्कत के बाद पुल से तीन सौ मीटर दूर शव बरामद कर लिया।

मृतका सोनी के पति कपिल यादव ने बताया कि 16 अगस्त को भाई लखन के साथ गुड़िया का त्योहार करने आई थी मंगलवार फोन पर बात हुई थी सोनी ने रक्षा बंधन के बाद लिवा ले जाने की बात हुई थी ।मृतका का शव मिलने के बाद पति कपिल मा अनीता भाई लखन व किशन, बहन, चित्रा, कावेरी, खुशबू का रो रोकर बुरा हाल है ।मृतका बहनों में सबसे छोटी व दो भाइयों में बड़ी थी ।प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि शव पोस्मार्टम हेतु भेज दिया गया है ।

## संक्षेप

### श्मशान में मिला महिला का शव

**पुलिस को सूचना मिलने पर छोड़कर भागा पति, 3 पत्नियों की मौत के बाद की थी चौथी शादी**

बागपत , छपरौली थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात यमुना खादर स्थित श्मशान घाट में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव के पास उसका पति बैठा हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पति वहां से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।शव के पास बैठा था पति महिला की पहचान काजल (24) पत्नी चंद्रपाल निवासी पट्टी धंधान, छपरौली के रूप में हुई है। मंगलवार रात करीब दो बजे छपरौली कस्बे के कुछ लोग खेतों की ओर जा रहे थे। उन्होंने श्मशान घाट में एक व्यक्ति को महिला के शव के पास बैठे देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को वहां चंद्रपाल मिला, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह फरार हो गया। पुलिस ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। शव पर मिला लोनकायक अस्पताल का टैग पुलिस को महिला के शव पर दिल्ली के लोकनायक अस्पताल का टैग लगा मिला। अस्पताल से जानकारी करने पर महिला की पहचान काजल के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, काजल का अस्पताल में कैंसर का उपचार चल रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसकी मौत बीमारी के चलते हुई थी, लेकिन शव को श्मशान घाट में इस तरह छोड़े जाने और पति के मौके से फरार होने के कारण पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।पहले तीन पत्नियों की भी हो चुकी है मौतपुलिस के अनुसार, 65 वर्षीय चंद्रपाल दिल्ली के शाहदरा में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। उसने चार शादियां की थीं। उसकी पहली पत्नी रेखा, दूसरी पूनम और तीसरी पत्नी ममता की भी मौत हो चुकी है। तीसरी पत्नी की करीब छह माह पहले मौत हुई थी। इसके बाद चंद्रपाल ने काजल से चौथी शादी की थी। पहले तीनों पत्नियां दिल्ली की रहने वाली थीं। बेटे से पूछताछ, पति की तलाशचंद्रपाल के तीन बेटे राजकुमार, निखिल और देवेंद्र हैं। तीनों छपरौली कस्बे में मजदूरी करते हैं। पुलिस ने चंद्रपाल के बेटे राजकुमार को थाने बुलाकर पूछताछ की है। पुलिस के अनुसार, उसने महिला को पहचानने से इनकार किया। फिलहाल पुलिस चंद्रपाल की तलाश कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद महिला की मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### अग्रवाल महासंघ चुनाव में दो पक्षों में मारपीट

**संजय गोयल और सुभाष अग्रवाल के समर्थक भिड़े, थप्पड़-घूंसों का वीडियो वायरल**

बागपत , बड़ौत नगर में अग्रवाल महासंघ के चुनाव के दौरान मंगलवार को दो पक्षों के समर्थक आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच हाथापाई और मारपीट हुई। घटना का वीडियो मंगलवार शाम से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद मामले की चर्चा तेज हो गई है। अग्रवाल महासंघ के चुनाव में संजय गोयल और सुभाष अग्रवाल उम्मीदवार थे। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के समर्थक एक-दूसरे पर थप्पड़ और घूंसे दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मौखिक टिप्पणी के अनुसार, चुनाव के दौरान पहले दोनों पक्षों के बीच मौखिक टिप्पणी को लेकर विवाद हुआ।

# बाढ़ के हालात से 2000 छात्रों ने छोड़ा हॉस्टल

**बारिश से बिस्तर डूबे, खाने की दिक्कत हुई तो पलायन शुरू, बोले- चाय तक को तरस गए**



अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , "मेरे हॉस्टल में पानी भर गया है। तख्त डूब गए हैं। हॉस्टल से ही 35-40 छात्र पलायन कर घर चले गए हैं। चारों तरफ गंदगी फैली है। जार्जटाउन जैसे पॉश इलाके का ये हाल है।बाकी जगहों के छात्र भी शहर छोड़कर घर जा रहे हैं। खाने-पीने की परेशानी होने लगी है, इसी वजह से हम भी घर जा रहे हैं।' कुछ ऐसा ही दर्द छात्र हेमंत यादव ने बयां किया। उन्होंने कहा- इतना पानी भर गया है कि पूरा रास्ता ही ब्लॉक हो गया है। गंदे सीवर के पानी की वजह से टाइफाइड, मलेरिया कुछ भी हो सकता है शुरूआती बारिश में हॉस्टल-लॉज में पानी भर गया है। ऐसे में हम लोग हॉस्टल छोड़ रहे हैं। अभी बाढ़ के हालात होंगे तो हजारों छात्रों को पलायन करना पड़ेगा। प्रयागराज में जलभराव के बाद करीब दो हजार छात्र पलायन कर गए हैं।इनमें ज्यादातर छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। हालातों पर पढ़िए ग्राउंड रिपोर्टङ्क

### चाय तक के लिए तरस गए, तब कमरा छोड़ना पड़ा

शहर से बुधवार को करीब 2000 प्रतियोगी छात्र पलायन कर गए। कोई अपने गांव, शहर को लौट गया तो कोई दूसरे छात्रों के कमरों में शिफ्ट हो गया। कुछ रिश्तेदारों के घर गए। ये वो छात्र हैं, जो हॉस्टल, लॉज, किराए के मकानों में नीचे के हिस्सों के कमरों में रहते हैं। एक तो कमरों में पानी भरा, दूसरे गेट से लेकर सड़क तक घुटनों तक जलभराव हो गया है। ऐसे में कमरों में खाना बनाना मुश्किल है, सड़क पर जाना मुश्किल है, चाय तक को तरसने की नौबत हो गई तो उन्हें कमरा ही छोड़ना पड़ा।

### किताबें, बैग, तख्त-बिस्तर डूबे, बाइक-स्कूटी भी खराब

हॉस्टल, लॉज, कमरों में रहने वाले छात्र छोटी गृहस्थी ही बनाए होते हैं। बारिश का पानी भरने से उनका गैस चूल्हा, पेट्रोमैक्स, हीटर, जमीन में बिछे गद्दे, फोल्डिंग, राशन, कुर्सी, मेज, किताबें सब पानी से बर्बाद हो गए। कपड़ों से भरे अटैची, बैग पानी में डूबे और मुश्किल खड़ी हो गई। यहां तक कि तख्त भी डूब गए हैं। ज्यादातर छात्रों की यही गृहस्थी बर्बाद हुई है। बाइक और स्कूटी में पानी भर गया है।

# 26 साल की महिला की गला रेतकर हत्या

**किराए के कमरे में खून से लथपथ लाश मिली, 9 दिन पहले मुंबई से आई थी**



उषा, मृतक

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , गुरुवार को घर के भीतर 26 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। महिला का शव किराए के कमरे में पड़ा मिला। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। घटना सरायइनायत के हनुमानगंज की है।

### मूल रूप से जौनपुर की रहने वाली

मृतका की पहचान उषा के रूप में हुई है। वह जौनपुर की रहने वाली थी। उसका पति दिनेश कुमार मूल रूप से प्रयागराज के उतरांव का रहने वाला है। वह मुंबई में आटो रिक्शा चालक था। करीब पांच साल पूर्व मुंबई में ऊषा से उसकी मुलाकात हुई। दोनों ने लव मैरिज की थी। 11 अगस्त को कोटवां रोड जैतपुर गांव निवासी अनिल स्वर्णकार के घर के दूसरी मंजिल पर किराए का कमरा लेकर दोनों रहने लगे। इनकी चार वर्षीय बेटी स्वीटी है।

### घर में अकेली थी महिला

पुलिस के मुताबिक, घटना के समय उषा घर में अकेली थी। सुबह 11:00 के करीब उसकी बेटी की जोर-जोर से रोने की आवाज आई तो पड़ोसी पहुंचे। उन्होंने देखा कि उषा खून से लथपथ मृत पड़ी हुई थी। महिला की डेड बॉडी घर में पड़े होने की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महिला के गले पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया गला रेतकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है।

# समाज कल्याण विभाग के निदेशक ने छात्रों को जल्द समाधान का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कस्बा मोहान चौराहे पर बुधवार सुबह छह बजे जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के करीब ढाई सौ छात्रों ने विद्यालय में अव्यवस्थाओं, शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापरक भोजन समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया था। अधिकारियों के समझाने के बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त किया। विद्यालय पहुंचे समाज कल्याण विभाग के निदेशक ने छात्रों को समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया था। इसके बाद गुरुवार को विद्यालय में व्यवस्थाओं में सुधार शुरू हो गया।विद्यालय में शिकायत पेटिका लगा दी गई है। छात्रों के लिए टीवी लगाई गई है और पेयजल की समस्या दूर करने के लिए वाटर कूलर भी पहुंच गया है। कुछ किताबें आने के बाद उनका वितरण भी छात्रों में कर दिया गया।गुरुवार एसडीएम शालिनी तोमर ने विद्यालय पहुंचकर कक्षा 12,सात, आठ और छह के छात्रों से बातचीत कर पढ़ाई, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। छात्रों ने व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्टि जताई है।प्रधानाचार्य वंदना त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार सुबह नाश्ते में उबले चने, केला और सेब दिया गया। दोपहर के भोजन में उड़द की दाल, चावल, आलू-परवल की सब्जी और रोटी दी गई।4 टीचरों ने ज्वाइन कर लिया है विद्यालय में अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त कराया जा रहा है।

# 200 साल पुराना जर्जर मकान भरभराकर गिरा, बाल-बाल बचे लोग

**कुछ सेकेंड पहले ही सामने से गुजरे थे दो बच्चे, लोगों में मची अफरातफरी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,कोतवाली क्षेत्र में दोपहर करीब 200 वर्ष पुराना जर्जर मकान अचानक भरभराकर सड़क पर आ गिरा। मकान का अगला हिस्सा गिरने से तेज आवाज हुई तो आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि हादसे के वक्त मकान के आसपास कोई मौजूद नहीं था। बताया गया कि हादसे से कुछ सेकेंड पहले ही दो बच्चे मकान के सामने से होकर गुजरे थे। उनके निकलते ही मकान का हिस्सा सड़क पर आ गिरा। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

### लंबे समय से जर्जर था मकान

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पास में रहने वाले भाजपा नेता दीपक शर्मा ने भी पुलिस को मामले से अवगत कराया। बाजार चौकी प्रभारी सुभाष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के लोगों से मकान के संबंध में जानकारी जुटाई। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, यह मकान करीब दो सौ वर्ष पुराना है। कई साल पहले यहां मिर्जो दादी रहती थीं। वर्तमान में सहारनपुर के गंगोह निवासी सुभाष इस संपत्ति को अपनी बताते हैं। मकान में विनय गुप्ता किरायेदार के रूप में रह रहे हैं और यहां स्प्रिंग बनाने का कारखाना चलाते हैं। विनय वर्तमान में शास्त्रीनगर क्षेत्र में रहते हैं, जबकि उनकी चार पीढ़ियां इस मकान में किरायेदार के रूप में रहती आई हैं।

पुलिस ने मकान स्वामी सुभाष से संपर्क करने का प्रयास किया। बाद में किरायेदार विनय गुप्ता को भी मौके पर बुलाया गया। सड़क पर मकान का मलबा गिरने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। इसके बाद विनय ने मजदूरों की मदद से सड़क पर पड़े मलबे को हटवाने का काम शुरू कराया।

### पहले भी गिर चुकी ईंटें, पत्थर की सिल्ली

भाजपा नेता दीपक शर्मा ने बताया कि मकान लंबे समय से बेहद जर्जर हालत में था। कई बार इसकी ईंटें निकलकर सड़क पर गिर चुकी हैं। कुछ समय पूर्व मकान की पत्थर की सिल्ली भी सड़क पर आ गिरी थी। उस समय भी लोग बाल-बाल बचे थे। उन्होंने बताया कि मकान की जर्जर स्थिति के संबंध में संपत्ति स्वामी को कई बार अवगत कराया गया।

लेकिन इसकी मरम्मत या जर्जर हिस्से को हटाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

# 213 विद्यार्थियों और कर्मियों की मुफ्त जांच

**हेल्थ कैंप लगा, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजन**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,भारत विकास परिषद की ओर से देशव्यापी एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत जागृति विहार स्थित बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। लाल पैथ लैब के सहयोग से आयोजित शिविर में 213 विद्यार्थियों और विद्यालय कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, कैल्शियम सहित रक्त संबंधी विभिन्न जांचों के लिए नमूने लिए गए। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों और विद्यालय कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य जांच कराई। लाल पैथ लैब के राकेश कुमार, संदीप तोमर, अजय मल्होत्रा, नैंसी ठाकुर और बिलाल ने सहयोग किया। शाखा की महिला सहभागिता प्रभारी मंजुल आर्य के संयोजन में हुए शिविर में सेवा प्रभारी डॉ. एसके तंवर ने अभिभावकों और विद्यालय कर्मियों की सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं पर परामर्श दिया। उन्होंने आवश्यक सावधानियों और उपचार के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में डीके त्यागी, शिक्षा तंवर, केपी उपाध्याय और बीडी शर्मा का सहयोग रहा। विद्यालय प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शाखा की ओर से विद्यालय की प्राचार्य डॉ. बिंदु शर्मा, सोनिया सहित अन्य सहयोगियों का आभार जताया गया।

# पति-पत्नी की मौत, एक्सीडेंट का वीडियो

**कार ने बाइक सवार तीन लोगों को मारी थी टक्कर, सड़क पर तड़पते रहे घायल**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद के लोनी में बाइक सवार दंपती की मौत वाले सड़क हादसे का वीडियो सामने आया है। 43 सेकेंड के इस वीडियो में तेज रफ्तार कार बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मारती दिख रही है। हादसा रात हुआ था, जिसमें युवक और उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। युवक के पिता भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया था। दंपती की मौत के बाद मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर जाम लगाया था। पुलिस का कहना है कि अब वायरल वीडियो की जांच की जा रही है।

### वीडियो में क्या दिख रहा है

43 सेकेंड के वायरल वीडियो में एक सफेद रंग की कार तेज रफ्तार में सड़क पर जाती दिखाई दे रही है। कुछ दूरी आगे बढ़ने के बाद कार बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार देती है। वीडियो में सड़क पर डायवर्जन का बैरिकेड भी दिखाई दे रहा है। हादसे के बाद कुर्ता-पायजामा पहना एक व्यक्ति सड़क पर घायल हालत में कराहता नजर आता है, जबकि दो अन्य लोग सड़क पर पड़े दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद पीछे से एक बाइक सवार मौके पर पहुंचता है। वीडियो में किसी व्यक्ति की आवाज सुनाई देती है, जो कार चालक को पकड़ने के लिए कह रहा है। हादसे के बाद कार चालक मौके से निकल जाता है तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मारी थी रात करीब 10:30 बजे ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में पंचलोक से आवास विकास मोड़, मंडोला के बीच तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी। बाइक पर मंडोला के रहने वाले कपिल, उनकी पत्नी राखी और कपिल के पिता ओमपाल सवार थे। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कपिल सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि राखी ने दम तोड़ दिया। कपिल के पिता ओमपाल का भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चालक को किया गिरफ्तारकपिल के भाई शुभम की तहरीर पर ट्रॉनिका सिटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के बाद पुलिस ने कार चालक सुमित निवासी गोठरा, थाना खेकड़ा, बागपत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हादसे में शामिल कार भी बरामद कर ली है। दंपती की मौत के बाद शाम परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर व आवश्यक आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इस दौरान करीब 20 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा।

# फेमस होने के लिए महिला दरोगा ने 4 चैनल बनाए

**सस्पेंड होने के बाद फॉलोअर्स बोले- मैडम लाइव आ जाओ क्यूआर स्कैन करना है**

अमन लेखनी समाचार



अनु रानी, सस्पेंड दरोगा

मेरठ ,सस्पेंड महिला दरोगा अनु सोशल मीडिया पर जल्दी फेमस होना चाहती थी। नीले ड्रम वाले सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान को गिरफ्तार करने के बाद उसने इंस्टाग्राम पर 2 और यूट्यूब पर 2 चैनल बनाए थे। अनु ने करीब 3 महीने पहले सेलिना नाम से यूट्यूब चैनल भी शुरू किया था। महिला दरोगा के सोशल मीडिया अकाउंट पर कई लाइव वीडियो, जिम और स्विमिंग पूल के वीडियो मिले हैं। प्रोफाइल में वर्दी की फोटो और बायो में ह्ययूपीकॉपह्व लिखा है, जबकि कुछ लाइव में क्यूआर कोड भी दिखाई देता था। उससे डोनेशन मनी लेती थी।सस्पेंड होने के बाद अब उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर फॉलोअर्स के कमेंट भी आने लगे हैं, जिनमें कोई लिख रहा है- ये तो गई अब। तो किसी ने लिखा- मैडम लाइव आ जाओ क्यूआर स्कैन करना है।

### अक्सर सोशल मीडिया पर लाइव करती

महिला दरोगा के सोशल मीडिया अकाउंट पर ज्यादातर पोस्ट उसके लाइव के हैं। उसने प्रोफाइल में अपनी वर्दी की फोटो लगा रखी। बायो में यूपीकॉप भी लिखा। एक अकाउंट पर कारतूस की फोटो लगा रखी थी। अक्सर लाइव आकर अपने फैंस से बात करती। ये लाइव वो अपने रूम से ही करती थी। अनु मेरठ में अकेले ही रहती है।

### साथी स्टाफ बोला- ड्यूटी पर हमेशा डिसिप्लिंड रहती थी अनु

महिला दरोगा अनु के सस्पेंड होने के बाद उसका फोन बंद है। वह किसी से बात नहीं कर रही है। उसके साथ ब्रह्मपुरी थाने और एसएसपी ऑफिस में काम करने वाले पुलिसकर्मियों का कहना है कि ड्यूटी पर उन्होंने कभी महिला दरोगा अनु को किसी से मिसबिहेव करते नहीं देखा। कहा- वो हमेशा अनुशासित रहती थी। अपनी हर ड्यूटी और जिम्मेदारी को बखूबी निभाती थी। उन्होंने कहा- पर्सनल लाइफ में कौन क्या कर रहा है ये हम लोग भी नहीं देखते। ड्यूटी के बाद सबकी अपनी पर्सनल लाइफ है। उसमें इंटरफेयर नहीं कर सकते। अब जानते हैं यूजर ने दरोगा अनु पर क्या कमेंट किए यूट्यूबर महिला दरोगा की शिकायत करते हुए बोला- योगीजी वीडियो देखिएएक यूट्यूबर युवक ने महिला दरोगा अनु के सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत की थी। अपनी बात कहने के लिए उसने एक वीडियो भी जारी किया था। जिसमें वो कहता है- योगी जी, नमस्ते। यार, आप चाहे कुछ भी कह लो, आप सबसे क्यूटेस्ट पर्सन हैं। योगी जी मेरे सबसे फेवरेट प्राइम मिनिस्टर हैं। मतलब मुंह से गलत निकल गया, बट आप सोचो, मैं सही जा रहा हूं ना। 29 नहीं तो क्या हुआ, 34। फुल सपोर्ट रहेगा सर मेरा। सर, मैं आपको एक वीडियो दिखाना चाहता था। यह वीडियो देखो। मैं जानता हूं, योगी जी, गलत वीडियो है और आपका गुस्सा बनता है।

# टैक्सी कार में लगी आग

**ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट में पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-100 में रात एक वैगनआर टैक्सी में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार जलकर खाक हो गई। चालक ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे के समय कार में कोई सवारी नहीं थी।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग के दौरान यातायात को कुछ देर के लिए डायवर्ट किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग लगने के दौरान कार में हल्का धमाका भी हुआ। इससे कार के कांच टूट गए। दमकल अधिकारियों के अनुसार, आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग के कारण कार के अंदर गैस बनने से धमाका होने की बात सामने आई है। बताया गया कि वैगनआर टैक्सी सेक्टर-104 रेड लाइट से आम्रपाली सफायर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सेक्टर-100 के पास उसमें अचानक आग लग गई। चालक ने तुरंत कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि उस समय कार में कोई यात्री नहीं था, वरना हादसा बड़ा हो सकता था।

# बारिश से जर्जर हुईं सड़कें

**हर साल करोड़ों की रिसर्फेसिंग, फिर भी गड्ढे और रोड़ी से हादसों का खतरा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,चमचमाती सड़कों की हालत कई जगह बदहाल है। चार साल भी पूरे नहीं हुए और सड़कें जगह-जगह से उखड़ने लगी हैं। कहीं सड़क के बीच रोड़ी बिखरी है तो कहीं गड्ढों से ईंटें बाहर निकल आई हैं। इससे वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। सड़क से लगातार उड़ती धूल भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। नोएडा प्राधिकरण हर साल सड़कों की रिसर्फेसिंग पर करोड़ों रुपये खर्च करता है। इस साल भी करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों की रिसर्फेसिंग के टेंडर जारी किए गए हैं। कुछ सड़कों पर काम पूरा हो चुका है, जबकि कई प्रमुख मार्ग अब भी बदहाल हैं। सीईओ ने सड़कों की स्थिति की जांच के साथ 28 अक्टूबर तक काम पूरा करने की डेडलाइन तय की है। यह नोएडा की प्रमुख सड़कों में शामिल है। रोजाना हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। यह सड़क एमपी-1, एमपी-2 और एमपी-3 को जोड़ती है। सड़क के किनारे का हिस्सा पूरी तरह उखड़ चुका है। बीच सड़क से लेकर किनारे तक रोड़ी फैली हुई है। दोपहिया वाहन चालक इस रोड़ी पर फिसलकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। एडोब चौराहे से चौड़ा मोड़ तक भी स्थिति ज्यादा अलग नहीं है। नोएडा को दिल्ली से जोड़ने वाले इस मार्ग पर भी सड़क की हालत खराब है। हरिदर्शन चौकी से करीब 50 कदम की दूरी पर सड़क पर बड़े गड्ढे हैं। कई जगह सड़क से ईंटें तक बाहर निकल आई हैं। वाहन चालकों के मुताबिक, इस हिस्से से गुजरने के दौरान कई वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक इसकी रिसर्फेसिंग नहीं हो सकी है।

# निवेश पर रिटर्न नहीं मिला तो 1.60 करोड़ चुराए

**नोएडा में इंवेस्टर समेत 6 गिरफ्तार, रिश्तेदार के घर से रुपया बरामद**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,नोएडा के सेक्टर-25 में गैराज के लॉकर में रखे 1.60 करोड़ रुपए पर नजर पड़ते ही एक निवेशक ने चोरी की साजिश रच डाली। आरोपी ने सीए फर्म के जरिए 45 लाख रुपए निवेश किए थे, लेकिन उसे सही रिटर्न नहीं मिल रहा था। इसके बाद उसने गैराज में रखी रकम की जानकारी जुटाई और 5 साथियों को साथ लेकर चोरी कर ली। वारदात के बाद रकम अलीगढ़ में अपने रिश्तेदार के पास छिपा दी। सेक्टर-20 थाना पुलिस ने दोपहर एक बजे मामले का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 1.48 करोड़ रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल कार बरामद हुई है। पुलिस करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंची 45 लाख निवेश किए थे, रिटर्न नहीं मिला तो लॉकर पर नजर डीसीपी सादमिया खान ने बताया कि पीड़ित वासुदेव ने सीए फर्म चलाने वाले आशीष के जरिए निवेश के लिए करीब 1.60 करोड़ रुपए दिए थे। यह रकम आशीष के सेक्टर-25 स्थित गैराज के लॉकर में रखी गई थी।

# तेलगुड़वा में हाईवे किनारे कचरा फेंकने का विरोध, ग्रामीणों के तेवर देख ट्रक लेकर भागा चालक

अमन लेखनी समाचार



डाला (सोनभद्र)। थाना चोपन क्षेत्र के तेलगुड़वा में वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग के किनारे कचरा खाली करने पहुंचे ट्रक चालक को राहगीरों और ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। कचरे से उठ रही तेज दुर्गंध से परेशान लोगों ने मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक को हाईवे किनारे कचरा खाली करने से रोक दिया। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए चालक बिना कचरा गिराए ही ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद राहगीरों और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुड़वा चौराहे से परासपानी की ओर करीब एक किलोमीटर आगे वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग के किनारे बुधवार को कचरा लदा एक ट्रक खड़ा था बताया जा रहा है कि चालक ट्रक में लदे कचरे को सड़क किनारे खाली कर रहा था। इसी दौरान कचरे से उठने वाली तेज दुर्गंध आसपास फैलने लगी। दुर्गंध से परेशान राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों का ध्यान जब ट्रक की ओर गया तो कई लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने हाईवे किनारे कचरा खाली किए जाने का विरोध करते हुए चालक से कचरा गिराने से मना किया। लोगों का कहना था कि राजमार्ग के किनारे इस तरह कचरा डाले जाने से आसपास का वातावरण प्रदूषित होगा और राहगीरों तथा ग्रामीणों को दुर्गंध एवं गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ेगा। विरोध कर रहे लोगों के सवाल पर ट्रक चालक ने बताया कि डाला स्थित एक निजी कंपनी द्वारा कचरा मंगाया गया था। चालक के अनुसार, वहां कचरा खाली नहीं हो सका, जिसके कारण वह उसे तेलगुड़वा क्षेत्र में हाईवे किनारे खाली करने पहुंचा था। हालांकि, ग्रामीणों और राहगीरों के विरोध को देखते हुए चालक ने कचरा खाली करने का काम रोक दिया और ट्रक लेकर वहां से चला गया। ट्रक के चले जाने के बाद आसपास मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

# 25 हजार का इनामी गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

संडीला (हरदोई)। हरदोई पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त शहनूर उर्फ शेहनूर को संडीला से गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक हरदोई की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, शहनूर पुत्र इशहाक निवासी मोहल्ला मण्डई अपने साथियों के साथ एक संगठित गिरोह का सदस्य था। आरोप है कि गिरोह आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए चोरी समेत विभिन्न समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त था। प्रभारी निरीक्षक अनुराग सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल संजय और कांस्टेबल सागर की टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तुलसी जयंती समारोह में साहित्य और संस्कृति का संगम

**प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र को ह्यतुलसी सम्मानझ्र2026ह्ल से अलंकृत किया गया।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, नगर पालिका सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय संचेतना समिति के तत्वावधान में तुलसी जयंती समारोहझ्र2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोस्वामी तुलसीदास जी के साहित्य, भारतीय संस्कृति और लोकमंगल की भावना को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक हर्ष अग्रवाल थे अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पंडित पारसनाथ मिश्र ने की। मंच पर पूर्व कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र, लेखिका डॉ. रचना तिवारी एवं विचारक डॉ. मनोकामना शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन पत्रकार भोलानाथ मिश्र ने किया। दीप प्रज्वलन के बाद जगदीश पंथी की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का अंगवस्त्रम्एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया। समारोह का प्रमुख आकर्षण सम्मान समारोह रहा। प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र को ह्यतुलसी सम्मानझ्र2026ह्ल, डॉ. रचना तिवारी को ह्यसरस्वती श्री सम्मानह्ल तथा डॉ. मनोकामना शुक्ला को ह्यदयाराम पाण्डेय स्मृति सम्मानह्ल से अलंकृत किया गया। गुप्त काशी विकास परिषद के अध्यक्ष आलोक चतुर्वेदी ने सम्मानित विभूतियों का परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कवि शिव नारायण ह्यशिवह्लकी 4एवं बृजेश महादेव की एक पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। हर्ष अग्रवाल ने कहा कि तुलसी साहित्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि तुलसी का साहित्य केवल भक्ति नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का महा-अभियान है। अध्यक्ष पंडित पारसनाथ मिश्र ने कहा कि रामचरितमानस भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है। कार्यक्रम में आलोक चतुर्वेदी, डॉ. अवधेश दीक्षित, जगदीश पंथी, आशुतोष पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय संचेतना समिति सोनभद्र के अध्यक्ष रमेश देव पाण्डेय सभी का स्वागत किया। जगदीश पंथी ने आभार व्यक्त किया।

## खास समाचार

# विण्ढमगंज पुलिस द्वारा डीपी एक्ट से संबंधित 03 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा महिला सम्बन्धी अपराधों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के निर्देशन में थाना विण्ढ़मगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-109/2026, धारा 80(2), 85 बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को दिनांक 19.08.2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उन्हें मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 60/90 की लम्बित विवेचनाओं के संबंध में अर्दली रूम आयोजित, विवेचकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद के समस्त थानों पर 60/90 दिवस की लम्बित विवेचनाओं के संबंध में संबंधित विवेचकों के साथ अर्दली रूम आयोजित किया गया। अर्दली रूम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक लम्बित विवेचना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विवेचकों से जानकारी प्राप्त की गई तथा विवेचनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण एवं अभियोगों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल



**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, सिर धड़ से हुआ अलग

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती गांव में एक दर्दनाक हादसे में युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह होने पर परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार, सिरसोती में एमजीआर गेट के आगे मंगलवार की रात गोविंद जायसवाल पुत्र दीपक जायसवाल उर्फ राजेंद्र जायसवाल के पुत्र की एनटीपीसी में कोयला परिवहन करने वाली ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। वहां का भयावह दृश्य देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि मृतक शक्तिनगर में काम करता था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। पिता की मौत की खबर से बच्चों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

# भारी वर्षा एवं जलभराव के दृष्टिगत जनपद में युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य जारी

**प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण, जलनिकासी एवं मार्गों की बहाली का कार्य तेज।**

**लाउडस्पीकर के माध्यम से संवेदनशील एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों को किया जा रहा जागरूक।**

**संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाकर लोगों को किया जा रहा सतर्क।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद में भारी वर्षा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव तथा कुछ स्थानों पर सड़कों एवं संपर्क मार्गों पर आवागमन प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर संचालित किए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति की लगातार निगरानी करते हुए आमजन को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के साथ जलनिकासी, सड़कों की सफाई एवं आवागमन बहाल कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है जनपद के जिन क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण घरों में पानी भरने अथवा जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है, वहां प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को लंच पैकेट, नाश्ता, फ्रूट पैकेट एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन की टीमों द्वारा प्रभावित लोगों की आवश्यकताओं का आकलन करते हुए मौके पर आवश्यक सहायता पहुंचाई जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं तथा आवश्यकता के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, ताकि वर्षा एवं जलभराव के कारण लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। भारी वर्षा के कारण ग्राम पंचायत डोडहर के मोखना में पुलिया बह गयी है आवागन ठप हो गया था जिसको जिला प्रशासन संज्ञान में लेकर मम्मत का कार्य प्रारम्भ है शीघ्र ही आवगम का कार्य सुचारूढंग से प्रारम्भ हो जायेगा। जनपद मे भारी वर्षा के कारण जिन क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी, मलबा अथवा अन्य अवरोध जमा हो गए हैं, वहां जेसीबी मशीनों के माध्यम से सफाई एवं मार्गों को सुचारु कराने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिन संपर्क मार्गों पर जलभराव के कारण आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हुई है, वहां स्थिति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवागमन बहाल कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जिन नालियों में कचरा एवं मलबा जमा होने के कारण जलनिकासी बाधित हुई है, वहां सफाई कर्मियों एवं संबंधित कर्मचारियों द्वारा नालियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है

# भाजपा नेता प्रेमशंकर उर्फ निर्भय सिंह व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेन्द्र सिंह ने छठ घाट का फीता काटकर किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



बरगदही, ग्रामसभा चुनवटिया टोला बरगदही में विधायक निधि द्वारा 9.50 लाख के लागत बने छठ घाट का विधायक सुपुत्र, भाजपा युवा नेता प्रेमशंकर उर्फ निर्भय सिंह ने एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेन्द्र सिंह ने सयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अइइढ) द्वारा आयोजित ३एक परिवार, एक पौधा३ कार्यक्रम को संबोधित किया। निर्भय सिंह ने कहा कि, 'पर्यावरण की रक्षा सिर्फ एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समस्त समाज की होती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति जितने पौधे लगाते हैं उतने की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लें तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। एक परिवार मिलकर एक पौधा लगाए और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें तो यह अभियान रामबाण सिद्ध होगा।' चौधरी शिवेंद्र सिंह ने कहा कि, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधा लगाए तो पर्यावरण को सुरक्षित रखने में विद्यार्थी की अहम भूमिका होगी। विद्यार्थियों की भूमिका हर क्षेत्र में बृहद है। उक्त कार्यक्रम के आयोजक मनमोहन गुप्ता को युवा नेता निर्भय सिंह ने शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वहां मण्डल अध्यक्ष परतावल विवेक पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष परतावल उमेश गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सुभाष यादव, एबीवीपी जिला संयोजक अंकित चौधरी, विधानसभा फरेंदा के प्रभारी वीरेंद्र चौहान, पूर्ण प्रांतीय परिषद सदस्य मोलई, नगर सह मंत्री खुशी अग्रहरी, फङट संयोजक श्रेया यादव, अखिल प्रताप सिंह, अखंड शुक्ला, बबलू सिंह, जयप्रकाश, मयंक मणि त्रिपाठी, अभिनव, टाइगर सहित तमाम जन उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

**प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साप्ताहिक निरीक्षण के लिए टीम गठित करने के निर्देश।**

**मिड-डे मील की गुणवत्ता में लापरवाही पर होगी जिम्मेदारी तय।**

**विद्यालयों के साप्ताहिक निरीक्षण के लिए गठित होगी अधिकारियों की टीम।**

**माध्यमिक विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईटीआई एवं डिग्री कॉलेजों की भी हुई समीक्षा।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज जनपद के विद्यालयों में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने एवं शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हर स्थिति में सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय को निर्देशित किया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन व्यवस्था के साथ पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, विद्युत, फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं व्यवस्थित रूप से उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सुविधाओं के अभाव में बच्चों के पठन-पाठन पर किसी भी दशा में प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने मिड-डे मील योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराया जाए। भोजन की गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी को निर्देशित किया कि जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रभावी निरीक्षण के लिए अधिकारियों की टीम गठित की जाए। टीम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं खंड शिक्षा अधिकारी को शामिल करते हुए विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं, मिड-डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, विद्युत, फर्नीचर एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का गहनता से सत्यापन किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में अनियमितता, लापरवाही अथवा व्यवस्थाओं में कमी पाई जाती है तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने माध्यमिक विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईटीआई संस्थानों एवं डिग्री कॉलेजों में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था एवं प्रशिक्षण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण के साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने

# सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने आयोजित किया महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

संवाददाता। अश्विनी वालिया।



कुरुक्षेत्र। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा आज राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलड़ेहरा कुरुक्षेत्र में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य शिक्षक वह सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के जिला अध्यक्ष पवन मित्तल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भरता के लिए सिलाई-कढ़ाई केंद्र, कंप्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार केंद्र जैसे विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रहा है। उन्होंने बताया कि अंबाला के साहा गांव में सेवा धाम के नाम से एक मल्टी- फैसिलिटी होम का निर्माण किया गया है, जहां करोड़ों रुपये की लागत से अनेक सामाजिक सुविधाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने जानकारी दी कि दुर्लभ बीमारी ड्यूशेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए 6655 वर्ग गज क्षेत्र में सेवा धाम का निर्माण किया गया है, ताकि इन नन्हीं जिंदगियों को बेहतर उपचार एवं सहयोग मिल सके। साथ ही सेवा धाम में विभिन्न स्किल डेवलपमेंट कोर्स भी संचालित किए जाएंगे, जिससे महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकेंगी। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए पिहोवा सिटी की खंड कोआर्डिनेटर सीमा शर्मा ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, छात्राओं तथा नवजात कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर, बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार व अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। गीता देवी ने बताया कि इन कार्यक्रमों में प्रायोजक डाबर इंडिया के सहयोग से महिलाओं को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी आयोजित



**सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता एवं आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रूणवाल की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद सोनभद्र के पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ-साथ सीमावर्ती जनपद मीरजापुर एवं चन्दौली से आए अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।गोष्ठी के दौरान नक्सल संचरण की संभावना के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, आपसी समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नियमित रूप से कॉम्बिंग एवं एरिया डोमिनेशन किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) द्वारा निर्देशित किया गया कि कॉम्बिंग एवं एरिया डोमिनेशन के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना जाए तथा उनका हरसंभव निराकरण कराया जाए। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक किया जाए कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं तथा क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा वस्तु की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को दें।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्मार्टफोन नहीं रखते ऑस्कर विनर डायरेक्टर, ना बनाया ई-मेल



ऐसी दुनिया में जहां स्मार्टफोन के बिना रहना लगभग नामुमकिन हो गया है, हॉलीवुड के एक मशहूर फिल्ममेकर ने बिल्कुल अलग रास्ता चुना है। जहां लाखों लोग घंटों सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करने, मैसेज का जवाब देने और नोटिफिकेशन चेक करने में बिताते हैं, वहीं ऑस्कर जीतने वाले इस डायरेक्टर ने स्मार्टफोन से पूरी तरह दूर रहने का फैसला किया है। पिछले दो दशकों में कुछ सबसे बड़ी और देखने में बेहद शानदार फिल्में बनाने के लिए मशहूर इस फिल्ममेकर ने अपना करियर ऐसी कहानियों के दम पर बनाया है जो यादों, समय और इंसानी रिश्तों को खंगालती हैं। फिर भी, जब बात उनकी निजी जिंदगी में टेक्नोलॉजी की आती है, तो वे चीजों को हैरानी की हद तक आसान रखना पसंद करते हैं। इसके डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन हैं, जो 'द डार्क नाइट' ट्रिलॉजी, 'इनसेप्शन', 'इंटरस्टेलर', 'डनकर्क', ऑस्कर जीतने वाली 'ओपेनहाइमर' और हाल ही में रिलीज हुई 'द ओडिसी' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाने वाले फिल्ममेकर हैं। सिनेमा की दुनिया में सबसे आगे रहने के बावजूद, नोलन ने कई बार कहा है कि उनके पास स्मार्टफोन नहीं है। इसके बजाय, वे कॉल करने के लिए एक साधारण फ्लिप फोन का इस्तेमाल करते हैं और आधुनिक डिवाइस से होने वाली लगातार रुकावटों या ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहना पसंद करते हैं।

### टॉलीवुड

## यश ने कोशिश तो बहुत की लेकिन बोल गए गलत हिंदी



नई दिल्ली में 'रामायणम्' के भव्य लॉन्च इवेंट के दौरान, कन्नड़ सुपरस्टार यश ने हिंदी में बोलते हुए एक यादगार पल शेयर किया। इस पौराणिक महाकाव्य में रावण का रोल करने वाले एक्टर ने हिंदी में ही लोगों को संबोधित करने का फैसला किया। निर्माता नमित मल्होत्रा का उन्हें कास्ट करने के लिए धन्यवाद देते हुए, यश ने गलती से इस किरदार को निभाने के अवसर का जिक्र करते समय 'अवसर' के बजाय 'अवकाश' शब्द का इस्तेमाल कर दिया। अपने संबोधन के दौरान, यश ने अपने करियर के सबसे बड़े रोल्स में से एक के लिए उन पर भरोसा करने के लिए निर्माता नमित मल्होत्रा को श्रेय दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस फिल्म ने उन्हें टीम के साथ काम करते हुए अपनी हिंदी सुधारने का मौका दिया है। उन्होंने कहा, 'सब हिंदी में बात कर रहे हैं यहां। मैं भी कोशिश करूंगा।' यश ने यह भी कहा कि 'रामायणम्' पर काम करना एक बहुत अच्छा अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने व्यक्तिगत और प्रोफेशनल, दोनों ही तरह से उनके विकास में योगदान दिया है। एक्टर ने 'रामायणम्' को एक ऐसा प्रोजेक्ट बताया जो भारतीय सिनेमा के लिए एक साझा सोच को दिखाता है। उन्होंने कहा कि फिल्म से जुड़े सभी लोग दुनिया भर के दर्शकों के सामने भगवान राम की कहानी पेश करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारत का सपना है। हम सभी एक सोच और एक पक्के इरादे के साथ एक साथ आए हैं, ताकि अपनी कहानी को ग्लोबल मंच पर ला सकें। इसलिए, हम सभी अपने निजी हितों को एक तरफ रख रहे हैं।'

### भोजपुरी

## रानी ने 'बड़की बहू छोटकी बहू 2' के सेट से साझा किए बीटीएस



रानी चटर्जी भोजपुरी सिनेमा जगत की चर्चित अदाकारा हैं। उनके पास एक के बाद एक कई फिल्में पाइपलाइन में हैं। हालांकि, फिलहाल रानी 'बड़की बहू छोटकी बहू 2' की शूटिंग कर रही हैं। अक्सर वे सेट से झलकियां साझा करती हैं। आज रविवार को उन्होंने वीडियो शेयर किया है। इसमें वे दुल्हन बनी दिख रही हैं। रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा किया है। इसमें वे लाल रंग की साड़ी पहने दुल्हन बनी दिख रही हैं। चटख लाल साड़ी में पारंपरिक गहने पहने दिख रही हैं। गले में मंगलसूत्र है। मांग टीका और नथ में वे खूबसूरत लग रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'फिल्म 'बड़की बहू और छोटकी बहू 2' की शूटिंग पूरी एनर्जी के साथ चल रही है। बता दें कि इस फिल्म में रानी के साथ काजल राघवानी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा जय यादव. लाडो मधेसिया, मनोज टाइगर, कंचन मिश्रा, प्रेम दुबे, बीना पांडे और पारुल प्रिया भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है। वे इसके निर्देशक भी हैं। बता दें कि 'बड़की बहू छोटकी बहू 2' साल 2024 में आई 'बड़की बहू छोटकी बहू' का ही सीक्वल है। यह फैमिली ड्रामा फिल्म है। इसमें भी रानी चटर्जी और काजल राघवानी देवरानी और जेठानी के रूप में नजर आई थीं। यह एक सुपरहिट फिल्म है, जो अपनी कहानी, कॉमेडी और ड्रामा के लिए दर्शकों को बहुत पसंद आई है। जय यादव ने भी सेट से एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है। उन्होंने लिखा है, 'प्यार भी परिवार वाला। तकरार भी परिवार वाला। इन्हीं रिश्तों की खूबसूरत कहानी है- 'बड़की बहू छोटकी बहू 2'।

"प्रियंका चोपड़ा ने पेरिस फैशन वीक में ऑरेंज रंग का ड्रामेटिक लेयर्ड गाउन पहना। साथ में सन ग्लास लगाया। वहीं, निक जोनस ने क्लासिक ग्रे सूट पहना। उनके जूतों ने लोगों का ध्यान खींचा है। इवेंट में प्रियंका अपनी बेटी मालती को भी ले गईं।




## फुलकारी के कपड़ों को धोने और स्टोर करने के कुछ आसान टिप्स, रहेंगे काफी समय तक बढ़िया

पंजाब की मशहूर कढ़ाई फुलकारी के कपड़े अपनी रंगीनता और बारीक बनावट के लिए जाने जाते हैं। यह कढ़ाई पारंपरिक पोशाकों में इस्तेमाल होती हैं, लेकिन इसकी देखभाल करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। अगर आप फुलकारी के कपड़ों को लंबे समय तक नए जैसा बनाए रखना चाहते हैं तो आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि फुलकारी के कपड़ों को धोते और स्टोर करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**ठंडे पानी का करें इस्तेमाल :** फुलकारी के कपड़ों को धोते समय गर्म पानी का उपयोग न करें, क्योंकि इससे रंग फीके पड़ सकते हैं और कपड़े का आकार बिगड़ सकता है। हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। ठंडा पानी न केवल कपड़ों की रंगत बनाए रखता है, बल्कि उनके ताने-बाने को भी सुरक्षित रखता है। इससे कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं और उनकी उम्र बढ़ती है। इसलिए, कभी भी गर्म पानी न इस्तेमाल करें।



**हल्के साबुन का करें उपयोग :** फुलकारी के कपड़ों की नाजुक कढ़ाई को बचाए रखने के लिए हल्के साबुन का इस्तेमाल करें। कठोर साबुन से कढ़ाई खराब हो सकती है या निकल सकती है। इसलिए, हमेशा ऐसे साबुन का चयन करें, जो नाजुक कपड़ों के लिए बने हों। इससे आपकी फुलकारी वाली पोशाकें साफ भी रहेंगी और उनकी सुंदरता भी बनी रहेगी। हल्के साबुन से कपड़ों की चमक बनी रहती है और वे लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।

### धूप से बचाएं

धूप में लंबे समय तक रखने से रंग फीके पड़ सकते हैं, इसलिए अपने फुलकारी के कपड़े को सीधे धूप में सुखाने से बचें। बेहतर होगा कि आप इन्हें छायादार जगह पर सुखाएं, ताकि उनका रंग बना रहे। इस तरह आप अपने कपड़ों की नाजुक कढ़ाई को भी सुरक्षित रख सकते हैं और उन्हें लंबे समय तक नए जैसा बना सकते हैं। आप इन्हें हवा में सुखाकर ज्यादा दिनों तक पहन पाएंगे।

### सही तरीके से रखें

फुलकारी के कपड़ों को स्टोर करते समय ध्यान रखें कि उन्हें प्लास्टिक बैग में न रखें, क्योंकि इससे नमी आ सकती है और फंगस लग सकता है। बेहतर होगा कि आप इन्हें सूती कपड़े या पेपर बैग में रखें, ताकि हवा गुजरती रहे और नमी दूर हो सके। इसके अलावा समय-समय पर अपने रखे हुए कपड़ों की जांच करते रहें, ताकि किसी भी तरह की समस्या समय रहते हल हो सके।

## सावन के दौरान महिलाएं पहन सकती हैं हरे रंग के परिधान, लगेंगी बेहद खूबसूरत

फैशन





सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और इस दौरान महिलाएं अपने फैशन को लेकर काफी सजग रहती हैं। इस महीने में हरे रंग के कपड़े पहनने का चलन होता है, जिन्हें बेहद शुभ माना जाता है। अगर आप भी इस महीने में रोजाना हरे रंग के कपड़े पहनना चाहती हैं तो आइए आज हम आपको 5 ऐसे हरे रंग के परिधान बताते हैं, जो इस महीने के लिए बेहतरीन हैं।

**हरे रंग की साड़ी :** अगर आप किसी भी शुभ अवसर पर साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो इस सावन में हरे रंग की साड़ी को अपनी अलमारी का हिस्सा बनाएं। हरे रंग की साड़ी के साथ हल्के हरे रंग का ब्लाउज पहनें या मेल खाते हुए रंगों वाला ब्लाउज पहन लें। इसके अलावा अपने लुक को पूरा करने के लिए हल्के हरे रंग की नेट की ओढ़नी भी ले सकती हैं। इससे आपका लुक और भी खास बनेगा।

**हरे रंग का कुर्ता-प्लाजो सेट :** अगर आप इस सावन में किसी पारंपरिक कार्यक्रम में भाग लेने जा रही हैं तो आप हरे रंग का कुर्ता-प्लाजो सेट चुन सकती हैं। इसके साथ आप मेल खाते दुपट्टे का उपयोग कर सकती हैं। आप चाहें तो इसे साधारण रख सकती हैं या फिर भारी गहने पहनकर अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं। यह आपके पूरे लुक को निखार देगा। यह आउटफिट आपके लिए बेहद आरामदायक होगा।

**हरे रंग की लहंगा-चोली :** अगर आप इस सावन में किसी शादी या फिर किसी बड़े उत्सव में शामिल होने जा रही हैं तो हरे रंग का लहंगा-चोली आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप चाहें तो इस लहंगा-चोली के साथ भारी गहने पहनकर अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं। इसके अतिरिक्त आप हल्के हरे रंग की ओढ़नी भी ले सकती हैं। लुक को पूरा करने के लिए हरे रंग की चूड़ियां पहनना बिलकुल न भूलें।

**हरे रंग की अनारकली ड्रेस :** अगर आप पारंपरिक पोशाक पहनने के साथ-साथ कुछ आधुनिक टच भी चाहती हैं तो हरे रंग की अनारकली ड्रेस आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकती है। इस तरह की ड्रेस में आप पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मेल देख सकती हैं। इसके साथ आप हल्के हरे रंग की ओढ़नी भी ले सकती हैं और हरी चूड़ियां पहन सकती हैं। यह आपके पूरे लुक को और भी खास बना सकता है।

**हरे रंग की सलवार-कुर्ती :** अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए किसी साधारण पोशाक की तलाश में हैं तो आप हरे रंग की सलवार-कुर्ती को चुन सकती हैं। इसके साथ आप मेल खाते दुपट्टे का उपयोग कर सकती हैं। इस तरह की पोशाक न केवल आरामदायक होती है, बल्कि आपको एक खास लुक भी देती है।

## कपड़ों को जल्दी खराब होने से बचाने के लिए अपनाएं आसान से तरीके, रहेंगे सालों-साल नए जैसे

कपड़े हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा होते हैं। चाहे वह ऑफिस के लिए हों, पार्टी के लिए या रोजमर्रा के उपयोग के लिए। हम सभी चाहते हैं कि हमारे कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखें। इसके लिए हमें कुछ आसान और असरदार आदतें अपनानी चाहिए। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी आदतें बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने कपड़ों की उम्र बढ़ा सकते हैं और उन्हें लंबे समय तक नए जैसा बनाए रख सकते हैं।

**धोने का सही तरीका अपनाएं :** कपड़े धोने का सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है। गर्म पानी में कपड़े धोने से कपड़े फट सकते हैं या सिकुड़ सकते हैं, इसलिए हमेशा ठंडे पानी का उपयोग करें। साबुन का सही मात्रा में उपयोग करें और कपड़ों को उल्टा करके धोएं, ताकि उनके रंग और डिजाइन सुरक्षित रहें। इसके अलावा नाजुक कपड़ों को हाथ से धोना बेहतर होता है। इससे कपड़ों की गुणवत्ता बनी रहती है और वे लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।



### इस्त्री करते समय ध्यान दें

इस्त्री करते समय तापमान का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। अधिक गर्मी से कपड़े सिकुड़ सकते हैं या जल सकते हैं, इसलिए अलग-अलग कपड़ों के लिए अलग-अलग तापमान सेट करें। सूती के लिए अधिक तापमान और लिनन या रेशम के लिए मध्यम तापमान सेट करें। इस्त्री करने से पहले कपड़ों को हल्का-सा गीला कर लें, ताकि इस्त्री आसानी से हो सके और कपड़े अच्छे से सेट हो जाएं। इससे आपके कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखेंगे।

### स्टोर करने का तरीका सुधारें

कपड़ों को सही तरीके से स्टोर करना भी अहम होता है। अगर आप अपने कपड़ों को सही तरीके से स्टोर नहीं करेंगे तो वे धूल-मिट्टी या कीड़े-मकोड़ों से खराब हो सकते हैं। इसके लिए कपड़ों को साफ-सुथरा करके अलमारी में रखें और बीच-बीच में उन्हें हफ्ते में एक बार निकालकर हवा लगाएं।

## हर मौसम में मिनी डेनिम स्कर्ट पहनकर पाया जा सकता है फैशनेबल और स्टाइलिश लुक

मिनी डेनिम स्कर्ट एक ऐसा परिधान है, जो हर मौसम में फैशन में रहता है। यह न केवल आरामदायक है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप मिनी डेनिम स्कर्ट के साथ आसानी से बना सकती हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं।

**टी-शर्ट और स्नीकर्स के साथ करें स्टाइल :** मिनी डेनिम स्कर्ट के साथ एक साधारण टी-शर्ट पहनना सबसे आसान और आरामदायक तरीका है। आप अपनी पसंदीदा रंग की टी-शर्ट को चुन सकती हैं और इसे अपनी मिनी डेनिम स्कर्ट के साथ मेल करें। इसके साथ आप सफेद या किसी भी रंग के स्नीकर्स पहन सकती हैं, जो आपके लुक को पूरा करेंगे। आप इस स्कर्ट के साथ ओवरसाइज्ड या ऑफ-शोल्डर वाली टी-शर्ट पहनकर ज्यादा अच्छी दिखेंगी।



**क्रॉप टॉप और ऊंची हील का मेल :** अगर आप किसी खास मौके पर जाने वाली हैं तो क्रॉप टॉप और मिनी डेनिम स्कर्ट का मेल एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। क्रॉप टॉप आपके पेट को थोड़ा-सा दिखाएगा, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इसके साथ आप ऊंची हील पहन सकती हैं, जो आपके पैरों को लंबा दिखाएगी और आपको एक खास लुक देगी।

**ब्लेजर के साथ औपचारिक लुक :** अगर आपको औपचारिक लुक पसंद है तो मिनी डेनिम स्कर्ट के साथ ब्लेजर पहनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपने पसंदीदा रंग के ब्लेजर को चुन सकती हैं और इसे अपनी मिनी डेनिम स्कर्ट के साथ मेल करें। इसके साथ आप फ्लैट या कम हील वाली चप्पल पहन सकती हैं, जो आपके लुक को पूरा करेंगी।

### कार्नर न्यूज

**ये रंग न केवल शांति का माहौल बनाते हैं, बल्कि किसी भी अन्य रंग के साथ आसानी से मिल जाते हैं**

## लिविंग रूम को सजाने के लिए चुनें ऐसे रंग जो सुंदर दिखने के साथ पहुंचाएं मानसिक शांति

लिविंग रूम को सजाने के लिए रंगों का सही मेल बहुत जरूरी है। अगर आप अपने लिविंग रूम को हल्के और शांत रंगों में सजाना चाहते हैं तो यह एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। ये रंग न केवल शांति का माहौल बनाते हैं, बल्कि किसी भी अन्य रंग के साथ आसानी से मिल जाते हैं। आइए हम आपको ऐसे रंगों के मेल बताते हैं, जो आपके लिविंग रूम को खूबसूरत बना सकते हैं।



### बेज और क्रीम

बेज और क्रीम रंगों का मेल आपके लिविंग रूम को एक गर्म और स्वागत करने वाला माहौल दे सकता है। इस मेल से दीवारें और फर्नीचर दोनों ही आकर्षक दिखेंगे। आप बेज रंग की दीवारों के साथ क्रीम रंग के सोफे और कुर्सियां चुन सकते हैं। इसके अलावा हल्के रंग की कालीन और पर्दे भी इस सेटअप को पूरा कर सकते हैं, जिससे आपका लिविंग रूम और भी सुंदर लगेगा।

### ग्रे और सफेद

ग्रे और सफेद रंगों का मेल आधुनिक रूप देने में मदद करता है। ग्रे दीवारें या ग्रे फर्नीचर इस सेटअप में शामिल करें और सफेद रंग के तकिए, सोफा कवर आदि का उपयोग करें। इसके अलावा सफेद रंग की कालीन और पर्दे भी इस सेटअप को पूरा कर सकते हैं, जिससे आपका लिविंग रूम और भी सुंदर लगेगा। यह रंगों का मेल आपके लिविंग रूम को एक साफ-सुथरा और आधुनिक रूप देता है।

### ग्रे और बेज

ग्रे और बेज रंगों का मेल आपके लिविंग रूम को एक आधुनिक लुक देने में मदद करता है। ग्रे दीवारें या ग्रे फर्नीचर इस सेटअप में शामिल करें और बेज रंग के तकिए, सोफा कवर आदि का उपयोग करें। इसके अलावा बेज रंग की कालीन और पर्दे भी इस सेटअप को पूरा कर सकते हैं, जिससे आपका लिविंग रूम और भी सुंदर लगेगा। इन रंगों के मेल से आपका लिविंग रूम और भी खूबसूरत लगेगा।



### हल्का भूरा और हल्का हरा

हल्का भूरा और हल्का हरा रंगों का मेल प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ावा देता है। इस मेल से दीवारें और फर्नीचर दोनों ही आकर्षक दिखेंगे। आप हल्के भूरे रंग की दीवारों के साथ हल्के हरे रंग के सोफे और कुर्सियां चुन सकते हैं। इसके अलावा हल्के भूरे रंग की कालीन और पर्दे भी इस सेटअप को पूरा कर सकते हैं, जिससे आपका लिविंग रूम और भी सुंदर लगेगा।

### क्रीम और हल्का नीला

क्रीम और हल्का नीला रंगों का मेल ताजगी और शांति का अनुभव कराता है। इस सेटअप में आप क्रीम रंग की दीवारें चुन सकते हैं, जो आपके कमरे को उज्ज्वल बनाएगी और हल्के नीले रंग के सोफे और कुर्सियां आरामदायक माहौल देंगी। इसके अलावा हल्के नीले रंग की कालीन और पर्दे भी इस सेटअप को पूरा कर सकते हैं, जिससे आपका लिविंग रूम और भी सुंदर लगेगा।